लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी



डकैत 10 को होगी रिलीज......



डीपफेक्स का हुई शिकार ......

वर्ष : 12 | अंक : 104 | लखनऊ, 07 अप्रैल, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## असम चुनाव में गरजे पीएम मोदी कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

# ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर कहा- आतंकी संगठनों पर कार्रवाई की, कांग्रेस ने वही गीत गाया जो पाकिस्तान ने लिखा, देशहित को दरकिनार कर दिया

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के बारपेटा जिले के भबानीपुर-सरभोग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से पड़ोसी देश पाकिस्तान की धुन पर नाचती रही है, जिससे राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता होता है। पीएम ने कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसिक कदम उठाए हैं, वहीं कांग्रेस देशहित को दरकिनार कर रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है।

**कांग्रेस का पाक कनेक्शन हमेशा देश पर भारी**

पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने शांति स्थापित की



चुनावी रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी को धातु का 'कमल' भेंट किया

**कांग्रेस पाक एजेंडे के साथ**

पीएम मोदी ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2025 के 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के एजेंडे को प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'यह पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है और हम ऐसा कभी नहीं होने दे सकते।

### महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण

पीएम मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर सभी दलों के साथ चर्चा करने के लिए 16 अप्रैल को संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। पीएम ने कहा कि असम में काफी बलिदानों के बाद शांति स्थापित हुई है, जिसका श्रेय पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौतों के कार्यान्वयन में ईमानदारी के प्रयासों को जाता है।

### कांग्रेस ने मूल निवासियों को बेदखल किया

उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया, यह कहते हुए कि कांग्रेस ने घुसपैठियों को पूजा स्थलों में बसने में मदद की, जबकि भाजपा सरकार उन्हें बेदखल कर रही है और राज्य के मूल निवासियों को भूमि के दस्तावेज दे रही है।

## भारी बारिश में अमित शाह ने किया रोड शो

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने केरल के तटीय जिले अलाप्पुझा के हरिपद में राजग उम्मीदवार संदीप वाचस्पति के



समर्थन में एक विशाल रोड शो किया। रोड शो गांधी स्क्वायर से शुरू होकर हरिपद के प्रमुख इलाकों से गुजरा। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने के बावजूद भीड़ का उत्साह बना रहा। शाह ने रास्ते में समर्थकों का अभिवादन किया, जबकि पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोड शो में शामिल होकर राजग उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताया।

### एलडीएफ को भाजपा मदद कर रही: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के माला में कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) तथा राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के बीच की लड़ाई है। आरोप लगाया कि एलडीएफ को भाजपा से मदद मिल रही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन को अहंकारी व्यक्ति हैं।



### बिना अनुमति नहीं छापें राजनैतिक विज्ञापन: ईसी

केरल विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन और उससे एक दिन पहले यानी 8 और 9 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार विज्ञापन नहीं छपवाए जा सकेंगे। चुनाव आयोग (ईसी) ने निर्देश दिए हैं कि बिना मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से अनुमति मिले कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा। इस फैसले का उद्देश्य अंतिम चरणों में भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ विज्ञापनों के प्रभाव को रोकना है।

**हिमंता सरमा पर पत्नी की संपत्ति छिपाने का आरोप**

### कांग्रेस की मांग- रद्द हो सीएम की उम्मीदवारी



जालुकबारी सीट से सरमा के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सीएम की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास दुबई में दो कीमती संपत्तियां हैं। इसके अलावा अमेरिका के व्योमिंग में भी उनकी कंपनियां हैं। सीएम ने फॉर्म 26 में इन संपत्तियों का जिक्र नहीं किया।

### सरमा ने आरोपों को किया खारिज

सीएम सरमा ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। कहा कि



सभी दस्तावेज पाकिस्तान की सोशल मीडिया टीम द्वारा तैयार किए गए थे। मेरी पत्नी ने कल एफआईआर दर्ज कराई है।

**ममता बेनर्जी का हैरान करने वाला बयान**

### चुनाव से पहले एक और पहलगाम?



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने एक चौकाने वाला बयान देते हुए सवाल उठाया कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले एक और पहलगाम हमले के लिए कोई ब्लूप्रिंट तैयार है। ममता बेनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे।

### टीएमसी हिंदू विरोधी पार्टी: भाजपा

ममता बेनर्जी के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि सीएम पहलगाम



आतंकी हमले को एक स्क्रिप्ट बता रही हैं। वे अल्पसंख्यक वोट बैंक को खुश करने के लिए पहलगाम हमले को स्क्रिप्ट बता रही हैं। जिसमें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेकसूर हिंदुओं की हत्या की थी। टीएमसी हिंदू विरोधी पार्टी है।

### वोटर लिस्ट से गायब हुआ नंदलाल बोस के पोते का नाम



पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान प्रख्यात चित्रकार रहे नंदलाल बोस के पोते सुप्रबुद्ध सेन और उनकी पत्नी का नाम मतदाता सूची से गायब हो गया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह मामला जल्द सुलझाने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार सहित 19 नए सदस्यों ने ली शपथ



नई दिल्ली। एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### डॉ. छेत्री का 106 वर्ष की आयु में निधन



नई दिल्ली। प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मणि छेत्री का 106 वर्ष की आयु में उनके आवास पर निधन हो गया। उन्हें दो सप्ताह पहले गिरने के बाद सिर में चोट लगी थी और अस्पताल से घर लौटने के बाद से वह बिस्तर पर ही थे।

### कुंभ वाले बाबा अभय सिंह ने की शादी



झज्जर। प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा में आए आईआईटी बाबा अभय सिंह लंबे समय बाद हरियाणा के झज्जर में अपनी पत्नी के साथ दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि दोनों ने 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अघंजर महादेव मंदिर में शादी की थी।

## अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेकों के मामले में सीबीआई को जांच के आदेश

सीबीआई को 16 हफ्तों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट

मामले में प्रस्तुत याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं, करीब 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि सीएम के परिवार से जुड़े ठेकों में स्पष्ट 'कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' पाया गया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अरुणाचल प्रदेश में सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़े कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की प्रारंभिक जांच दो सप्ताह के भीतर शुरू करे।

न्यायाधीश विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जांच में 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में हुए सभी सार्वजनिक कार्यों, ठेकों और वर्क ऑर्डर्स की समीक्षा शामिल होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीबीआई इस मामले की स्थिति रिपोर्ट 16 हफ्तों के भीतर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करे। अदालत ने यह आदेश 17 फरवरी को मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षित रखा था।

मामले में प्रस्तुत याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं, करीब 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए। याचिकाकर्ता एनजीओ, सेव मोन रीजन फेडरेशन और वॉलंटरी अरुणाचल सेना के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि सीएम के परिवार से जुड़े ठेकों में स्पष्ट 'कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' पाया गया।

**जांच में पिछले 10 साल के सभी कार्यों ठेकों की समीक्षा शामिल**

### सीबीआई एक प्रारंभिक केस दर्ज करेगी



सुप्रीम कोर्ट



सीएम पेमा खांडू

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, सीबीआई एक प्रारंभिक जांच दर्ज करेगी। इसमें नवंबर 2015 से 2025 तक के अवार्ड और उनके क्रियान्वयन को शामिल किया जाएगा। इस निर्धारित अवधि के बाहर के अवार्ड की जांच करने पर कोई रोक नहीं होगी। राज्य सरकार एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करेगी। मुख्य सचिव सीबीआई के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सीबीआई के साथ रिकॉर्ड साझा करने का कार्य समय पर पूरा हो।

**कंपनियों को मिले ठेके विवादित**

मामले में सीएम पेमा खांडू, उनके पिता दोरजी खांडू की दूसरी पत्नी रिंचिन ड्रिमा और भतीजा त्सेरिंग ताशी को पार्टी प्रतिवादी बनाया गया है। दोरजी खांडू अरुणाचल प्रदेश के सीएम रहे और अप्रैल 2011 में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनका निधन हुआ था। याचिका में बताया गया कि रिंचिन ड्रिमा की कंपनी, ब्रांड ईगल्स को कई सरकारी ठेके मिले, जो विवादित और पारिवारिक संबंधों के कारण सवाल उठाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- आज अदालत में हाजिर रहें केंद्रीय गृह सचिव

**थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह सचिव को मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा है, ताकि थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना पर सही तरीके से काम हो सके। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह आदेश दिया। कोर्ट थानों में सीसीटीवी की कमी पर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए जस्टिस मेहता ने कहा कि सरकार ने खुद ही निर्देश दिए हैं कि पड़ोसी देश से आए कैमरों को हटाया जाए, क्योंकि वे डाटा रिकॉर्ड करके उसी देश में भेज रहे हैं। बेंच ने पाया, सरकार ने विशेष कैमरों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

**हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही**

### याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। याचिका में प्राधिकरणों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हाईवे पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिशानिर्देश तैयार करें और उन्हें सख्ती से लागू करें।

**आरएसएस प्रमुख भागवत का संदेश**

## राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा ही व्यक्तिगत 'प्रगति' की कुंजी

समृद्धि और सुरक्षा अलग-अलग नहीं



डॉ. मोहन भागवत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत समृद्धि केवल तभी प्राप्त की जा सकती है, जब देश समृद्ध और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्तिगत प्रगति को देश की प्रगति से जोड़ना आवश्यक है। आरएसएस प्रमुख ने यह बात कोच्चि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध छात्रों के सांस्कृतिक संगठन बालागोकुलम के दो दिवसीय सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए कही। मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि समृद्धि और सुरक्षा को अलग-अलग हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब देश समृद्ध और सुरक्षित होता है, तभी परिवार भी समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त करते हैं। जब व्यक्ति राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए काम करते हैं, तो वे स्वयं भी समृद्ध होते हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि लोगों को अक्सर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### सही मार्ग से ही करियर निर्माण

युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत करियर विकास और देश के विकास के लिए काम करने के बीच चयन को लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि करियर निर्माण और राष्ट्र के लिए काम करना परस्पर विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि करियर बनाना और राष्ट्र के लिए काम करना विरोधाभासी नहीं हैं। कुंजी सही मार्ग चुनने में निहित है। डॉ. भागवत ने कहा कि अक्सर यह भ्रम रहता है कि व्यक्तिगत करियर पर ध्यान दिया जाए या देश के विकास के लिए काम किया जाए। ऐसा कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि करियर बनाना और देश के लिए काम करना एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं।

### 3500 सदस्यों ने भाग लिया

यह कार्यक्रम सुबह शुरू हुआ, जिसमें करीब 3,500 बालगोकुलम सदस्यों ने भाग लिया। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। केरल के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों ने भी इस आयोजन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के हिस्से के रूप में मोहन भागवत ने भगवान कृष्ण को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बालागोकुलम कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों के साथ भी बातचीत की।

## बच्चों के विवाद में बड़ों के बीच खूनी संघर्ष, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के काजीखेड़ा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। खेल-खेल में शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते दो परिवारों के बीच हिंसक संघर्ष में बदल गया, जिसमें एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। रविवार शाम रामविलास और शत्रोहन लाल के घर के बच्चों के बीच खेलते समय कहासुनी हो गई। बच्चों का विवाद बढ़ते-बढ़ते उनके परिजनों तक पहुंच गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि शत्रोहन लाल, उनके बेटे आदेश, दिनेश और अजय ने लाठी-डंडों से रामखेलावन और उनके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में रामखेलावन के बेटे सुरेश को गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी रामवती, गर्भवती बहू सरिता और बेटे उमेश को भी नहीं बख्शा गया। आरोपियों ने घर का छप्पर भी गिरा दिया।

# भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है : पंकज चौधरी







अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के बदौलत ही आज भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश में सत्ता में है इन वरिष्ठ कार्यकताओं का त्याग और बलिदान ने ही पार्टी को मजबूत किया है, भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर आज लखनऊ के प्रेरणा स्थल में गौरव सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उक्त विचार व्यक्त किए। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संगठन की मजबूती में कार्यकताओं के योगदान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके अथक परिश्रम से ही पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। गौरव सम्मान समारोह के इस अवसर पर 1990 से पूर्व के समर्पित एवं वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया और अपने समर्पण से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। भारतीय जनता पार्टी का सशक्त संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण और विश्वास से निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। कार्यकर्ता गौरव सम्मान समारोह कार्यक्रम का सफल आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के संरक्षण में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में धर्मपाल जी संगठन महामंत्री, बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री, संजय राय प्रदेश महामंत्री एवं गोविंद नारायण शुक्ला प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सह प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, पूर्व संगठन मंत्री अशोक तिवारी, विधायक योगेश शुक्ला, जय देवी रावत, अमरेश रावत, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रोफेसर श्याम नंदन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नता एवं प्रधान संपादक राज कुमार सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा, भिखारी सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राम निवास यादव, श्री कृष्ण लोधी, विनय प्रताप सिंह, संजय सिंह, समीर संजय मिश्र, सदाशिव मिश्र, अवधेश प्रताप सिंह, भारत मौर्य सहित अनेकों वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## श्मशान घाटों पर लकड़ी महंगी, बिना अनुमति बढ़ी दरों से अंतिम संस्कार महंगा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आपदा में अवसर तलाशने का मामला अब श्मशान घाटों तक पहुंच गया है। शहर के प्रमुख श्मशान घाटों पर अंतिम संस्कार में उपयोग होने वाली लकड़ी की कीमतों में अचानक वृद्धि कर दी गई है। ठेकेदारों द्वारा बिना नगर निगम की अनुमति के दरें बढ़ाए जाने से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, पहले 630 रुपये प्रति क्विंटल मिलने वाली लकड़ी की कीमत में करीब 130 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। नगर निगम द्वारा पूर्व निर्धारित दरों के बावजूद ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं, जिससे एक अंतिम संस्कार में लगने वाली लकड़ी पर करीब 400 रुपये तक अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। शहर के बैकुंठधाम और गुलाला घाट जैसे प्रमुख श्मशान स्थलों पर बढ़ी हुई दरों पर ही लकड़ी बेची जा रही है। हालांकि, इसको लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है, लेकिन मजबूरी में कई लोग बढ़े दामों पर लकड़ी खरीदने को विवश हैं। पहले नौ मन लकड़ी 252 रुपये प्रति मन के हिसाब से कुल 2370 रुपये में उपलब्ध हो जाती थी, जिसमें पतावर भी शामिल होता था। अब यही लकड़ी करीब 2800 रुपये में मिल रही है। ठेकेदारों का कहना है कि उन्हें खुद ही लकड़ी महंगे दामों पर मिल रही है, इसलिए कीमत बढ़ानी पड़ी है। इस मामले पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों से जांच कराएंगी, ताकि महंगी लकड़ी के नाम पर किसी का शोषण न हो। साथ ही ठेकेदारों से बातचीत कर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पिता के नाम पर फर्जीवाड़ा कर जमीन बेची, बेटे सहित गिरोह का भंडाफोड़

### लापता पिता की जमीन हड़पने के लिए ससुराल पक्ष के व्यक्ति को बनाया ह्यपिताह्न, महिला से ठगे चार लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जमीन हड़पने के लिए रची गई एक सुनियोजित साजिश का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में बेटे ने ही अपने लापता पिता की जमीन हड़पने के लिए फर्जी तरीके से बैनामा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के अनुसार, अहमदपुर आजमअली निवासी गंगादीन कई वर्ष पहले साधु बनकर घर छोड़ चुके थे। उनके नाम पर दर्ज जमीन को हड़पने के उद्देश्य से उनके बड़े बेटे सालिकराम ने साजिश रची। उसने अपने ससुर के बड़े भाई गुरुदयाल को अपने पिता गंगादीन के रूप में पेश कर जमीन का बैनामा अपने साथियों सुनील और सत्येन्द्र के नाम करवा दिया। इसके बाद सुनील और सत्येन्द्र ने उक्त जमीन का सौदा वृंदावन योजना, पीजीआई निवासी गुड्डी नामक महिला से कर लिया। आरोप है कि सस्ते दाम में जमीन दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने महिला से चार लाख रुपये ऐंठ लिए। इसी दौरान सालिकराम के बड़े भाई शम्भूदयाल को इस फर्जीवाड़े की भनक लग गई। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कराया, जिसके बाद जमीन का नामांतरण निरस्त कर पुनः सालिकराम और शम्भूदयाल के नाम कर दिया गया। जब पीड़िता गुड्डी को धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उसने अपने रुपये वापस मांगे, लेकिन आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि पूरी साजिश का मास्टरमाइंड सालिकराम ही है। इसके बाद सोमवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# स्टेयरिंग फेल होने से पिकअप डाला पलटा, एक दर्जन घायल



घायल रोहित फोटो



घायल किशोरी – फोटो



सड़क पर पलटा पड़ा डाला, बिखरी सब्जी

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दुबग्गा सब्जी मंडी से सब्जी और दुकानदारों को लेकर लौट रहा पिकअप डाला सोमवार सुबह हरदोई-लखनऊ हाईवे पर हादसे का शिकार हो गया। चिहुंटा मोड़ के पास अचानक स्टेयरिंग फेल होने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में डाले में सवार करीब एक दर्जन सब्जी विक्रेता घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर सब्जियां बिखर गईं और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों में रहीमाबाद के शेर नगर निवासी सूरज, उमेश, रोहित, कमलेश, अरविंद, गुड्डू, संजय, विनय, गदिया खेड़ा के राम सिंह, लालता खेड़ा के किशोरी, रहीमाबाद के फारुख और दिलावर नगर के अयान शामिल हैं। इनमें सूरज, उमेश और किशोरी को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश को छुट्टी दे दी गई। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का इलाज जारी है। हादसे के दौरान रहीमाबाद निवासी सुधीर यादव वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने घायलों को सड़क पर तड़पता देख अपनी कार से कई लोगों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुरोध पर उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायलों को भर्ती कराने में भी सहयोग किया और काफी देर तक अस्पताल में मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

## बैंकॉक से लखनऊ आए यात्री के पास तीन किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद, कीमत तीन करोड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एयर इंटेलीजेंस यूनिट ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब तीन किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी-146 रविवार रात करीब 11:30 बजे बैंकॉक से लखनऊ पहुंची। जांच के दौरान एक यात्री की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिस पर अधिकारियों ने उसे रोककर पूछताछ की। पूछताछ और तलाशी में गोंडा निवासी शमीम के बैग से 3.190 किलोग्राम प्रतिबंधित हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। इसके बाद टीम ने तुरंत मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पिछले एक महीने में



लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक और सऊदी अरब अमीरात के रास्ते आने वाली यह तीसरी बड़ी गांजे की खेप पकड़ी गई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी के नेटवर्क की सक्रियता का अंदेशा जताया जा रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# भाजपा के मूल में राष्ट्रप्रथम और अंत्योदय: डॉ. राजेश्वर सिंह

## अंत्योदय से राष्ट्रोदय तक—भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर सेवा और सुशासन का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सरोजनी नगर दक्षिण-2 (मुराइन खेड़ा, बंगला बाजार) स्थित मंडल कार्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर मंडल कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया तथा संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और ह्लराष्ट्र प्रथमह्व की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पार्टी की 47 वर्षों की गौरवशाली यात्रा केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक वैचारिक धारा है जिसने भारत की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा, राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं होती—यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प होती है।

डॉ. सिंह ने भाजपा के प्रमुख ऐतिहासिक योगदानों का उल्लेख करते हुए कहा कि–

### मजबूत और निर्णायक नेतृत्व:

अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में




अनुच्छेद 370 और 35(अ) का हटना, तीन तलाक कानून तथा सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसे निर्णयों ने भारत को सशक्त और निर्णायक राष्ट्र बनाया।

### आर्थिक परिवर्तन:

जीएसटी के माध्यम से वन नेशन, वन टैक्स, UPI के जरिए डिजिटल क्रांति और बढ़ते विदेशी निवेश ने भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित किया है।

### अभूतपूर्व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास:

राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, आधुनिक एक्सप्रेसवे और हवाई अड्डों का निर्माण देश की प्रगति को नई गति दे रहा है।

### गरीब कल्याण और सामाजिक समावेशन:

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है—यही अंत्योदय का सच्चा स्वरूप है।

### वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा:

G20 की सफल अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की भूमिका ने देश की वैश्विक पहचान को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं का उत्साह और समर्पण संगठन की मजबूत जड़ों और सेवा भाव की व्यापकता को दशार्ता है। यही ऊर्जा भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाती है। इस अवसर पर विनोद मौर्य (मंडल अध्यक्ष, सरोजनी नगर दक्षिण द्वितीय), उमेश तिवारी, गंगा राम अम्बेडकर, रमाशंकर त्रिपाठी, श्याम जी, कर्नल दया शंकर दुबे, सत्यम शुक्ला, के. एन. सिंह (पार्षद), कमलेश सिंह जी (पार्षद), हिमांशु अम्बेडकर (पार्षद), शिव प्रकाश मिश्रा, नेहा सिंह (पार्षद), अतुल टंडन, मनीष शुक्ला एवं नागेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त मंडल पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी कार्यकताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर राष्ट्र प्रथम, सेवा सर्वोपरि के मंत्र को अपनाते हुए भारत को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें तथा सेवा, समर्पण और सुशासन के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहें।

## प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बड़ी खेप के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ, ड्रग्स विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से करीब 16 लाख रुपये मूल्य के ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर फैजुद्दीन सिद्दीकी, ड्रग्स इंस्पेक्टर संदेश मौर्य और घुरघुरी तालाब चौकी प्रभारी दारोगा छत्रजीत सिंह काकोरी थाना क्षेत्र में संदिग्धों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि करीमाबाद नहर पुल अंडरपास के पास एक युवक मोटरसाइकिल से प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की



प्रतिबंधित खेप के साथ आरोपी गिरफ्तार

खेप लेकर जा रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और बाइक सवार युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच बोरियों में कुल 504 बोतल ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए, जिन्हें वह मोटरसाइकिल पर रबर से बांधकर ले जा रहा था। पुलिस ने मौके पर आरोपित से दवा के क्रय-विक्रय से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसकी पहचान रहीमाबाद निवासी रेहान के रूप में हुई है। बरामद इंजेक्शन की कीमत करीब 16 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि प्रतिबंधित दवाओं की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन-किन स्थानों पर सप्लाई किया जाना था। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के उत्थान की ली प्रतिज्ञा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, सेवा ही संगठन के मंत्र पर सदैव अग्रसर रहने वाले विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सरोजिनी नगर दक्षिण मंडल 3 के मंडल कार्यालय चावला मार्केट तेलीबाग में मंडल अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा (राजन मिश्रा) ने पार्टी का झंडा फहराया साथ ही सभी कार्यकताओं ने ₹ राष्ट्र के विकास की और विकसित भारत के निर्माण की ₹ प्रतिज्ञा ली। भाजपा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने पार्टी से अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। साथ ही, भाजपा के विचारों को देश में प्रसारित करने और राष्ट्र विकास के ध्येय के साथ कार्य की प्रतिज्ञा की। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे उपाध्यक्ष मोहन भटट, राजू बाजपेई, अपर्णा भारती, महामंत्री विनय सूदनन, संतोष सिंह सिंगर मंत्री संतोष कुमार रावत, रजत अवस्थी, संगीता देवी कोषाध्यक्ष आंचल साहू, कार्य समिति सदस्य जय श्रीशर्मा सेक्टर संयोजक अतुल मिश्रा बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर, आनंद कुशवाहा, सतेंद्र, वीरेंद्र सक्सेना वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश चावला, गिरीश चंद्र गुप्ता एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोड़वा बरौकी में बनेगा नया स्वास्थ्य उपकेंद्र, स्मार्ट पंचायत विकास को मिलेगी रफ्तार

### 15वें वित्त आयोग की धनराशि से 44.60 लाख की लागत से निर्माण प्रस्ताव, डिजिटल सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ द्वारा जारी पत्र के अनुसार 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत अनुदान संख्या-35 से प्राप्त धनराशि से नए उपकेंद्र भवनों के निर्माण की योजना तैयार की गई है।

इसी क्रम में विकासखंड माल की ग्राम पंचायत गोड़वा बरौकी में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण का प्रस्ताव सामने आया है। इस परियोजना के तहत करीब 44.60 लाख रुपये की लागत से उपकेंद्र भवन बनाया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए धनराशि पंचायत राज विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है, जबकि प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए जिला स्वास्थ्य समिति के पास भेजा गया है।

इसके साथ ही पंचायत राज विभाग ने डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तिकरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में गोड़वा बरौकी में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ स्मार्ट ग्राम पंचायत और स्मार्ट जिला पंचायत कार्यालयों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

योजना के तहत उपलब्ध धनराशि का उपयोग आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, सोलर पैनल, डिजिटल लाइब्रेरी और ऑनलाइन सेवाओं को सुदृढ़ करने जैसे कार्य शामिल हैं।

निर्देशों में पंचायत भवनों के रख-रखाव, ऑनलाइन एप्लिकेशन के विकास और कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और प्रशासनिक सेवाएं अधिक प्रभावी और सुलभ हो सकें।

## संक्षेप

### हनुमान तस्वीर वाली रील बनाने वाला गिरफ्तार

**मंदिर में लोगों ने उठक-बैठक लगवाई, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**

शाहजहांपुर, निगोही थाना क्षेत्र के चौढेरा चौढेरी गांव में एक युवक द्वारा भगवान हनुमान की तस्वीर के साथ धार्मिक रील बनाने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। युवक पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप है। यह वीडियो फेसबुक पर वायरल हुआ, जिसके बाद सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया। रामनगर बगिया निवासी देवेप प्रताप सिंह ने रविवार की शाम शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि चौढेरी चौढेरी के साहिल ने हनुमान जी की फोटो लगाकर एक वीडियो बनाया, जिसमें राम राम की जगह अस्सलाम अलैकुम बोलते हुए दिखाया गया। हिंदूवादी संगठनों का कार्रवाई में आगाजवीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को कई हिंदूवादी संगठन के लोग गांव पहुंचे। उन्होंने युवकों की पहचान कर उन्हें एक मंदिर में ले जाकर उठक-बैठक लगवाई और माफी मंगवाई। इस दौरान कुछ लोगों ने युवकों को पीटने का प्रयास भी किया, लेकिन वहां मौजूद अन्य लोगों ने उन्हें बचा लिया। यह पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया एफआईआर दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में आई। सीओ सदर प्रयांक जैन ने पुष्टि की कि तहरीर के आधार पर साहिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एफआईआर में युवक पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर गहमागहमी वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। स्थानीय लोगों ने कहा कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री की निगरानी भी शुरू कर दी है ताकि आगे कोई विवाद उत्पन्न न हो।

### महिला ने फांसी लगाई, हत्या का आरोप

**मायके वाले बोले– दहेज में बाइक मांग रहे थे, कार्रवाई की मांग**

शाहजहांपुर, एक महिला ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान हद्दफ चौकी निवासी हुमैरा के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हुमैरा की हत्या का आरोप लगाया है, जिसमें दहेज के लिए प्रताड़ना और बाइक की मांग का जिक्र किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। लखीमपुर जिले के मैंगलगंज थाना क्षेत्र निवासी मुख्तार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहन हुमैरा की शादी 11 साल पहले साजिद से की थी। मुख्तार का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति साजिद और ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बाइक की मांग को लेकर हुमैरा को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। तहरीर के अनुसार, ससुराल वाले अक्सर हुमैरा के साथ मारपीट करते थे और उसे घर से निकाल देते थे।

# गेहूं की फसल में लगी आग लगभग 6 बीघा फसल जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मलाव गांव में सोमवार दोपहर गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसानों की करीब 5 से 6 बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार दोपहर खेतों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण आसपास के खेतों में तेजी से फैलने लगी। गेहूं की सूखी फसल होने के कारण आग ने कुछ ही देर में बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के बावजूद दमकल विभाग की टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। इस दौरान किसानों और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। उन्होंने पानी, मिट्टी और हरे पेड़ों की टहनियों की मदद से घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। स्थानीय किसानों के मुताबिक, आग लगने से लगभग छह बीघा गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। किसानों का कहना है कि कटाई का समय नजदीक था और उनकी साल भर की मेहनत कुछ ही मिनटों में राख में बदल गई। घटना के बाद प्रभावित किसान बेहद मायूस नजर आए। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह आग शॉर्ट सर्किट, किसी की लापरवाही या अन्य संदिग्ध कारणों से लगी हो सकती है। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी, जिसके बाद नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

# तेज आंधी व बारिश के चलते फसलों का हुआ नुकसान विद्युत आपूर्ति हुई ठप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में शनिवार और रविवार की रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अचानक बदले मौसम के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक नुकसान हुआ है। ग्रामीण इलाकों में 40 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप है, वहीं पेड़ गिरने से कई मार्गों पर यातायात बाधित हुआ और फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के कारण रविवार रात करीब दस स्थानों पर पेड़ गिर गए। अचलगंज, सफीपुर, गंगाघाट, अजगैन और पुरवा जैसे क्षेत्रों में सबसे अधिक पेड़ गिरने की घटनाएं दर्ज की गईं। कई जगह सड़क पर बड़े पेड़ गिरने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हुई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और नगर निकाय की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। जेसीबी मशीनों की मदद से पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू कराया गया। काफी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। आंधी-तूफान का सबसे ज्यादा असरग्रामीण इलाकों में देखने को मिला, जहां बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए और विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए। परिणामस्वरूप, अनेक गांवों में पिछले 40 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप बनी हुई है। बिजली न होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रात बितानी पड़ रही है, वहीं पेयजल संकट और दैनिक कार्यों पर भी इसका असर पड़ा है। विद्युत विभाग की टीमें लगातार क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक करने में जुटी हुई हैं और जल्द आपूर्ति बहाल करने का दावा कर रही हैं। बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। इस समय गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है और बड़ी मात्रा में फसल खेतों में कटी या खड़ी अवस्था में मौजूद है। तेज हवाओं और बारिश के कारण गेहूं की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। विशेष रूप से सरोसी, पुरवा और पतारी क्षेत्र में फसल क्षति की संभावना अधिक बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि कई खेतों में कटी हुई फसल भीग गई है, जिससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

# किशोरी हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी पिता ने थाने में तहरीर देकर कहां की मेरी नाबालिक पुत्री आयु लगभग 17 वर्ष अपनी मां से यह कहकर निकली कि मैं शौच क्रिया करने जा रही हूं और कहीं चली गई पता लगाने पर पता चला कि मेरी नाबालिक पुत्री को दीपक शुक्ला पुत्र संतोष कुमार शुक्ला अपने साथ भाग ले गया है घर से लगभग 5 लाख के गहने भी लेकर चली गई है तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

# जल भराव से स्कूली बच्चे व ग्रामीण परेशान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गंज मुरादाबाद ब्लॉक के बहलोलपुर गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। इस जलभराव के कारण स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जलभराव के कारण मोहल्ले में कई बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। मुख्य मार्ग पर स्थित प्राइमरी विद्यालय के बच्चे हर सुबह इसी गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे पानी में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोटें भी लगती हैं। बच्चों का कहना है कि यह समस्या आए दिन बनी रहती है और बारिश में स्थिति और खराब हो जाती है। मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ने के लिए इसी जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे वे नापाक हो जाते हैं और नमाज अदा नहीं कर पाते। यह स्थिति उनके लिए धार्मिक असुविधा का कारण बन रही है। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके गांव में पिछले एक साल से कोई सफाईकर्मी तैनात नहीं है। उनका स्थानांतरण कहीं और हो गया है। प्रधान ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि इतने बड़े गांव में एक साल से सफाईकर्मी का न होना गंभीर विषय है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने सामने की नालियां खुद साफ करते हैं और कूड़ा फेंकते हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सफाईकर्मी महीने में केवल एक बार सफाई करने आते हैं, जो ग्राम प्रधान के बयान से विरोधाभासी है। जब इस मामले पर ब्लॉक सचिव से संपर्क किया गया तो उन्होंने पुष्टि की कि गांव में कोई सफाईकर्मी तैनात नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे सफाई के लिए एक निजी टीम भेजकर समस्या का समाधान कराएंगे।

# सरकारी धन का हुआ बंदरबांट, हल्की बारिश में, विद्यालय की बाउंड्री ढही



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा कोरारा में उच्च प्राथमिक विद्यालय में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। स्कूल की बाउंड्री एक ही बरसात में गिरकर ध्वस्त हो गई, जिससे सरकारी काम पर आए हुए पैसे के बंदरबांट की पोल खुल गई है। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) और अन्य अधिकारियों को टैग किया गया है, उम्मीद है कि जल्द ही कार्रवाई होगी। उन्नाव में शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें शिक्षकों की बर्खास्तगी और अनियमितताओं की जांच शामिल है।

# चलते ट्रक से कूदा चालक, बड़ा हादसा टला

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब नशे की हालत में चालक ने चलते मिनी ट्रक से छलांग लगा दी। घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गौरिया कला के पास की है, जहां कुछ देर के लिए एक्सप्रेस-वे पर अफरा-तफरी मच गई।

### झगड़े के बाद उठाया खतरनाक कदम

जानकारी के अनुसार, फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज निवासी चालक इस्लाम अली अपने खलासी निजाम अली (निवासी उरेन, इटावा) के साथ जयपुर से लखनऊ सामान लेकर जा रहा था। रविवार तड़के करीब तीन बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि चालक नशे में था और गुस्से में आकर उसने चलते मिनी ट्रक से छलांग लगा दी।

### बिना चालक के दौड़ा ट्रक

चालक के कूदते ही मिनी ट्रक लगभग 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से करीब 100 मीटर तक बिना किसी नियंत्रण के दौड़ता रहा। इस दौरान किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही, लेकिन खलासी निजाम अली ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत स्टीयरिंग संभाल लिया और किसी तरह वाहन को रोक लिया।

### सुबह लौटा चालक, अस्पताल में भर्ती

घटना के बाद चालक मौके से दूर चला गया था, लेकिन सुबह करीब 8:30 बजे जब उसका नशा उतरा तो वह वापस ट्रक के पास पहुंचा। शरीर में चोटें होने के कारण खलासी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले गया, जहां उसका इलाज कराया गया।

### पुलिस की नजर, शिकायत का इंतजार

मामले में राजकुमार ने बताया कि अभी तक खलासी की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। यदि शिकायत मिलती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एक छोटी सी लापरवाही बन सकती थी बड़ी त्रासदी—गनीमत रही कि खलासी की सूझबूझ से कई जिंदगियां बच गईं।

# दो किशोरों के विवाद में एक की मौत, गांव में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र के गांव लउवा में रविवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां दो किशोरों के बीच हुआ मामूली विवाद जानलेवा साबित हो गया। गांव निवासी मुनेश्वर रावत का 12 वर्षीय बेटा प्रियांशु और राजू रावत का 12 वर्षीय बेटा मयंक रविवार शाम बकरी चराने गए थे। घर लौटते समय गांव के पास दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान मारपीट में प्रियांशु खड़ंजे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और अचेत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तुरंत कालूखेड़ा स्थित एक नर्सिंग होम ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां सुशीला सहित परिजनों का रो-रोकरे बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह के अनुसार, मृतक के पिता मुनेश्वर की तहरीर पर आरोपी किशोर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गांव में इस घटना के बाद शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा कस्बे में मौरांवा मोहनलालगज मार्ग पर फातिमा नर्सिंग होम के पास रात ग्यारह बजे के लगभग एक युवक का शव पड़ा मिला, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान के लिये लोगो से जानकारी की जानकारी करने पर पता चला कि उक्त शव क्षेत्र के ही छिया टिकुर गांव के धुंनर का 28 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र है। पुलिस की सूचना पर पहुंचे म्रतक के परिजनों ने बताया कि म्रतक पिछले तीन वर्षों से मानसिक अस्वस्थ रहता था, बिना बताये निकल जाता था और बीमारी के चलते बार बार बेहोश हो जाता था, धर्मेंद्र की अभी शादी नही हुई थी। मृतक धर्मेंद्र के दो बहनें राधा, रानी तथा भाई राजा व माँ सन्नो का रोरो कर बुरा हाल है। थाना अध्यछ फूल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है आगे की कार्यवाही रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।



# जिला अस्पताल के बाथरूम में लगभग 6 माह का भ्रूण का मिला शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल की इमरजेंसी के बाथरूम में सोमवार सुबह करीब छह माह का भ्रूण शव मिला। इस घटना से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना सुबह अस्पताल की नियमित सफाई के दौरान सामने आई। इमरजेंसी वार्ड में तैनात सफाईकर्मी जब बाथरूम की सफाई कर रहा था, तब उसे अंदर भ्रूण पड़ा मिला। सफाईकर्मी ने तुरंत इसकी सूचना अस्पताल की सुपरवाइजर खुशबू को दी। इसके बाद अस्पताल स्टाफ मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचित किया गया। अस्पताल की सुपरवाइजर खुशबू ने बताया कि सुबह ड्यूटी पर पहुंचने के बाद उन्हें सफाईकर्मी से बाथरूम में भ्रूण मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखने पर इमरजेंसी के बाथरूम के अंदर भ्रूण पड़ा मिला, जिसके बाद तत्काल अस्पताल प्रशासन और पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया शुरू की। संबंधित अधिकारी ने बताया कि बाथरूम के अंदर करीब छह महीने का भ्रूण शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भ्रूण वहां कैसे पहुंचा और घटना किन परिस्थितियों में हुई। मामले की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि भ्रूण को वहां किसने और कब छोड़ा। पुलिस उस समय अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह मामला अवैध गर्भपात से जुड़ा है या किसी अन्य कारण से भ्रूण को वहां फेंका गया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

# 3 दिन से लापता व्यक्ति का शव मिला

**ओवरब्रिज के नीचे मिली लाश, मुकदमे की तारीख से लौट रहा था घर**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, एक ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान मुकीमपुर निवासी चरनजीत सिंह (45) के रूप में हुई है। चरनजीत 3 अप्रैल से लापता थे। चरनजीत सिंह 3 अप्रैल को शाहजहांपुर कोर्ट में एक मुकदमे की तारीख पर आए थे। तारीख मिलने के बाद उन्होंने अपनी बेटी को फोन पर इसकी सूचना दी थी और बताया था कि वह पुवायां लौट रहे हैं। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चरनजीत को पुवायां तक कई लोगों ने देखा था, लेकिन वह परिवार से नहीं मिल पाए। उनकी काफी तलाश की गई। 5 अप्रैल को परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने भी उनकी तलाश शुरू कर दी थी। बीती रात पुवायां में ही एक ओवरब्रिज के नीचे उनका शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव की पहचान कराई और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले ने बताया कि चरनजीत का कुछ समय पहले पुवायां मंडी में धान बेचने के बाद एक विवाद हुआ था, जिसके चलते उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। उन्होंने बताया कि चरनजीत का किसी से कोई विवाद नहीं था और वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे।



# डीएम ने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया

**बोले- यहां आने वाले परिवारों को परेशानी नहीं होना चाहिए**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आधुनिक पोस्टमार्टम हाउस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आने वाले परिवारों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य 15 दिनों के भीतर पूरे करने का समय दिया गया है। सोमवार को किए गए इस निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इन व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पेयजल स्थल पर स्पष्ट सूचना अंकित करने, पर्याप्त छाया की व्यवस्था करने और परिसर में टाइल्स लगवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, पोस्टमार्टम हाउस परिसर में बैठने के लिए शेड निर्माण और कुर्सियों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता पर जोर देते हुए कहा कि यहां आने वाले लोग पहले से ही दुखद परिस्थितियों में होते हैं, ऐसे में उनके लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि छाया, पेयजल और बैठने की सुविधा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही, पुलिस विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के दौरान भी इन सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने शवों के सुरक्षित संरक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस में फ्रीजर की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि 15 दिन में वह फिर से निरीक्षण करेंगे और दिए गए निर्देशों का सख्ती पालन किया जाए।

## सम्पादकीय

## अंतर्विरोधों को दूर करे आम आदमी पार्टी

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्म लेकर जनता के बीच विश्वास का मजबूत आधार बनाया, लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेषकर राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक चल रहा है। पहले स्वाति मालिवाल, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास और प्रशांत भूषण सरीखे नेताओं के बाद अब राघव पर कार्रवाई इस बात का संकेत है कि पार्टी में अंदरूनी कलह चल रही है। किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी आंतरिक एकजुटता और अनुशासन पर निर्भर करती है। आप ने हमेशा खुद को अन्य दलों से अलग, अधिक पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन राघव चड्ढा प्रकरण ने इस छवि को कहीं न कहीं धक्का पहुंचाया है। यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता ही पार्टी लाइन से अलग चलते दिखें या उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तो यह संकेत देता है कि अंदरूनी स्तर पर मतभेद गहरे हो चुके हैं। राघव चड्ढा कभी आप के उभरते सितारे माने जाते थे। विशेषकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत का हीरो माना गया था, लेकिन अब वही नेता पार्टी नेतृत्व के निशाने पर हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत मतभेद का परिणाम नहीं लगता, बल्कि यह संगठनात्मक असंतुलन की ओर इशारा करता है। राघव का यह कहना कि उन्हें खामोश कराया गया है, पार्टी के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना किसी भी संगठन की मजबूती का संकेत होता है, न कि कमजोरी का। यदि पार्टी के भीतर ही असहमति को दबाने का प्रयास होगा तो वह धीरे-धीरे संगठन को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, पार्टी के प्रवक्ताओं और नेताओं द्वारा राघव चड्ढा पर लगाए गए आरोप भी कम गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब पार्टी को राघव की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय वे पार्टी लाइन से अलग दिखे और अपने हितों को ऊपर रखा। यदि यह सही है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर पार्टी का साथ नहीं दिया या पार्टी के प्रस्तावों से दूरी बनाई, तो यह अनुशासनहीनता का मामला बनता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मतभेदों को बातचीत और समन्वय के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई? आप का उदय अण्णा हजारे के आंदोलन से हुआ था, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी की बात करते थे। ऐसे में पार्टी के भीतर उभरते अंतर्विरोध उन मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर न केवल पार्टी की छवि पर पड़ेगा, बल्कि उसके जनाधार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप नेतृत्व आत्ममंथन करे। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता दे। पार्टी को चाहिए कि वह अपने नेताओं के बीच संवाद स्थापित करे, मतभेदों को खुले मंच पर सुलझाए और एक स्पष्ट दिशा तय करे। इससे न केवल आंतरिक एकजुटता मजबूत होगी, बल्कि जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा। अंततः, राजनीति में केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि आम आदमी पार्टी अपने अंतर्विरोधों को समय रहते दूर कर लेती है, तो वह एक बार फिर अपनी साख को मजबूत कर सकती है। अन्यथा, ये मतभेद धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक ताकत को कमजोर कर सकते हैं।

# सुरक्षा, विकास और विश्वास की त्रिवेणी से बदलता बस्तर



विचार

केदार कश्यप


इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 30 मार्च को लोकसभा में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक आत्मविश्वासी और निर्णायक भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह वह क्षण है, जब दशकों से संघर्ष और असुरक्षा के साए में जी रहे क्षेत्रों में स्थायी शांति और विकास की नई उम्मीद जगी है। बस्तर , जो कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता था, आज परिवर्तन, विश्वास और प्रगति की एक सशक्त मिसाल बनकर उभर रहा है। यह बदलाव केवल बंदूक की आवाज थमने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और मानसिक स्तर पर आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। वर्षों तक उपेक्षा, गरीबी और संसाधनों की कमी ने जिस क्षेत्र को पीछे रखा, आज वही क्षेत्र योजनाबद्ध प्रयासों से आगे बढ़ रहा है।

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने बस्तर के जीवन को नई दिशा दी है। सोलर ऊर्जा और ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं ने अंधेरे गांवों को रोशनी दी, वहीं मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया। डिजिटल सेवाओं के बढ़ने से पारदर्शिता आई और लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधार बस्तर के भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, आश्रम शालाएं और पोटा केबिन स्कूलों ने बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण दिया है। इससे नई पीढ़ी को हिंसा के रास्ते से दूर रखते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और टेलीमेडिसिन सुविधाओं ने लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया है। मातृ एवं

*यह केवल नक्सलवाद के अंत की कहानी नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है- जहां बस्तर शांति, आत्मनिर्भरता, सम्मान और समृद्धि के साथ भारत के विकास में अपनी नई पहचान बना रहा है।*



शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, टीकाकरण अभियान और पोषण योजनाओं ने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक क्षेत्र में आया परिवर्तन इस पूरे बदलाव का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। मनरेगा जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई और पलायन में कमी आई। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। बस्तर की वन संपदा को आर्थिक शक्ति में बदलने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज और अन्य लघु वनोपज के संग्रह और समर्थन मूल्य पर खरीदी ने आदिवासियों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई और बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों ने बस्तर में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी लिखी है। छोटे-छोटे व्यवसायों—जैसे खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, बकरी पालन और मशरूम उत्पादन—ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। इससे न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अब नई दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। इससे उनकी आय बढ़ी है और वे समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इन सभी आर्थिक और सामाजिक सुधारों का सीधा प्रभाव नक्सलवाद पर पड़ा है। जब लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के अवसर मिलते हैं, तो वे हिंसा और भटकाव के रास्ते से दूर रहते हैं। यही कारण है कि सरकारी योजनाएं नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर करने में अत्यंत प्रभावी साबित हुई हैं।

'सिविक एक्शन प्रोग्राम' जैसे प्रयासों ने सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविर, खेलकूद और जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया है कि सरकार और सुरक्षा बल जनता के सहयोगी हैं, न कि केवल व्यवस्था लागू करने वाले, सरेंडर करने वाले पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्हें शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान कर मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है, जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। बस्तर का यह परिवर्तन केवल एक क्षेत्र की कहानी नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह साबित करता है कि जब सुरक्षा, विकास, विश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण को एक साथ आगे बढ़ाया जाता है, तो सबसे जटिल समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। आगे की राह में यह आवश्यक है कि विकास के इस मॉडल को और मजबूत किया जाए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी संस्कृति का सम्मान भी शामिल हो। बस्तर के जंगल, परंपराएं और जीवनशैली उसकी पहचान हैं, जिन्हें सुरक्षित रखते हुए ही समृद्धि का मार्ग तय करना होगा।

## ईरान-इजराइल तनाव

मुकेश प्रजापति



## यूएन की प्रासंगिकता, सीमाएं और पुनर्संरचना की जरूरत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच गहराता तनाव समकालीन वैश्विक राजनीति के सबसे जटिल और संवेदनशील प्रश्नों में से एक बन चुका है। यह संघर्ष केवल द्विपक्षीय विरोधाभास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैचारिक टकराव, क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन, गैर-राज्य कारकों की सक्रियता और महाशक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी अंतर्निहित है। विशेष रूप से इस संघर्ष में इजराइल को अमेरिका का स्पष्ट और संरचनात्मक समर्थन प्राप्त है, जो इसे एक क्षेत्रीय विवाद से आगे बढ़ाकर वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बना देता है। ऐसे बहुस्तरीय संकट में संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की भूमिका, उसकी प्रासंगिकता और संस्थागत सीमाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में उदार अंतरराष्ट्रीयतावाद की उस धारणा पर आधारित थी, जिसमें यह विश्वास निहित था कि बहुपक्षीय संस्थाएं, नियम-आधारित व्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र विश्व शांति को सुनिश्चित कर सकते हैं। 21वीं सदी के जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ में यह आदर्श बार-बार यथार्थवादी शक्तियों की राजनीति से टकराता दिखाई देता है। ईरान-इजराइल संबंधों में अंतर्निहित शत्रुता वैचारिक, सामरिक और राजनीतिक स्तरों पर निर्मित हुई है। इजराइल जहां पश्चिमी खेमे का महत्वपूर्ण सहयोगी है, वहीं ईरान स्वयं को क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है और इजराइल के अस्तित्व को चुनौती देता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, इजराइल की सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं के साथ मिलकर एक स्थायी तनाव का आधार तैयार करता है। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदान किया जाने वाला सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संरक्षण इस समीकरण को और अधिक असंतुलित बनाता है, जिससे यह संघर्ष व्यापक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को यदि संस्थागत दृष्टि से देखा जाए, तो इसके पास शांति स्थापना, प्रतिबंध, मध्यस्थता और मानवीय हस्तक्षेप जैसे अनेक उपकरण उपलब्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा उसकी सुरक्षा परिषद की संरचना है, विशेषकर स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो शक्ति। यह व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति-संतुलन की उपज है, जो वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में असंगत प्रतीत होती है। इजराइल से जुड़े मामलों में अमेरिका का निरंतर समर्थन और वीटो का संभावित प्रयोग संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं रूस और चीन का दृष्टिकोण कई बार संतुलन स्थापित करने के बजाय शक्ति-राजनीति का ही विस्तार प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र की सीमाओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना भी आवश्यक है। वर्ष 2003 में इराक पर अमेरिकी नेतृत्व में हुआ आक्रमण संयुक्त राष्ट्र की स्वीकृति के बिना संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को गंभीर रूप से कमजोर किया। इसी प्रकार, अफगानिस्तान में अमेरिका के दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अपेक्षाकृत गौण रही, जो इसकी संस्थागत निर्बलता को रेखांकित करता है। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब महाशक्तियों के रणनीतिक हित दांव पर होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अक्सर निष्क्रिय या अप्रभावी हो जाती हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र ने 'लो-पॉलिटिक्स' के क्षेत्रों विशेषकर मानवीय सहायता और वैश्विक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रकार, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक द्वंद्वात्मक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए, जहां एक ओर यह वैश्विक संवाद, वैधता और सहयोग का मंच प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर इसकी संरचनात्मक सीमाएं इसे निर्णायक हस्तक्षेप से रोकती हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो शक्ति के प्रयोग पर पुनर्विचार तथा विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, ये सभी कदम इसे अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बना सकते हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र लंबे समय से इस दिशा में सुधार की मांग करते रहे हैं। अंततः संयुक्त राष्ट्र संघ न तो पूर्णतः अप्रासंगिक हुआ है और न ही सर्वशक्तिमान है। यह एक ऐसी संस्था है, जिसकी प्रभावशीलता वैश्विक शक्ति-संतुलन और सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। ईरान-इजराइल संघर्ष के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सीमित होते हुए भी अनिवार्य बनी हुई है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इसे समकालीन वैश्विक यथार्थ के अनुरूप पुनर्गठित किया जाए, ताकि यह वास्तव में "विश्व शांति" के अपने मूल उद्देश्य को साकार कर सके।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस (07 अप्रैल) पर विशेष

# योग-व्यायाम व शारीरिक श्रम का समय बढ़ाएं, स्क्रीन टाइम व जंक फूड घटाएं



लेखक :---मुकेश शर्मा

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर बढ़ोत्तरी के बाद भी हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर जैसी तमाम बीमारियां आज तेजी से पांव पसार रही हैं। इन बीमारियों की वजह से देश में हर साल लाखों लोग असमय जान गँवा देते हैं। बढ़ता मोटापा भी इन बीमारियों के जोखिम को बढ़ा रहा है। इन बीमारियों को करीब से देखा जाए तो इनको बढ़ाने का काम हमारी अनियमित जीवन शैली कर रही है। जंक फूड को अपनाना और शारीरिक श्रम व व्यायाम से मुंह मोड़ना भी इसका एक बड़ा कारण है। बेहतर स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही हर साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने को लेकर विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों के प्रति आभार जताने का भी यह खास दिन है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुँच भी सुनिश्चित करना इस दिवस का मकसद है। इस साल इस खास दिवस की थीम-ह्व स्वास्थ्य के लिए एकजुट-विज्ञान के साथ खड़े रहेंह्व तय की गयी है। इस थीम का मकसद सिर्फ व्यक्ति के अपने स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं है बल्कि अपने ग्रह (पृथ्वी) के साथ जीव जंतुओं और पौधों को भी बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराने के लिए एकजुट होने से है। इसके लिए वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर भी जोर देना है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है कहावत भी चरितार्थ करती है कि जीवन में प्रगति करना है, नया मुकाम हासिल करना है तो शरीर के साथ मस्तिष्क का भी पूर्ण स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। इसके लिए ध्यान, योग और प्राणायाम को जीवन का अहम हिस्सा बनाना होगा। जंक फूड की जगह अपनी पौष्टिक भारतीय थाली को तरजीह देना होगा, जो कि सलाद। हरी सब्जियों और मौसमी फलों को भी अपनाना सेहत की बेहतरी के लिए बहुत जरूरी है। खाने की थाली को संतुलित करना हमारे स्वास्थ्य को संतुलित करने के समान है। खाने की थाली में अगर एक चौथाई भाग सलाद का, एक चौथाई हरी सब्जी का, एक चौथाई भाग दाल और प्रोटीन का तथा एक चौथाई मिलेट युक्त काबोर्हाइड्रेट का हो तो भोजन संतुलित माना जाता है। इसी के साथ दिन भर पर्याप्त पानी पीना भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है। गर्मी के मौसम में शरीर की ताजगी के लिए खीरा, तरबूज, खरबूज, लस्सी, नारियल पानी, छाछ, शिकंजी आदि को अपनाकर डिहाईड्रेशन से बचा जा सकता है।

भागदौड़ भरी जिन्दगी में लोगों के पास न तो समय से खाना खाने और न ही किसी तरह का शारीरिक श्रम करने का वक्त है। देर रात तक जागने और सुबह देर से उठने की आदत ने जीवन शैली को ही बदलकर रख दिया है। इस कारण से तनाव समेत कई बीमरियां असमय घेर ले रही हैं। मोबाइल, लैपटॉप और टीवी की स्क्रीन के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर घंटों आँख गड़ाए रहने के कारण भी आँखों की रोशनी के साथ ही एकाग्रता में भी कमी आ रही है। मोटापा बढ़ने का भी यह एक प्रमुख कारण बन रहा है। मोटापा की वजह से भी बीमारियाँ बढ़ रही हैं। स्क्रीन टाइम को कम करने को लेकर यदि समय से लोग सचेत न हुए तो विस्फोटक स्थिति पैदा हो सकती है। बच्चों में फोन की बढ़ती आदत को नियंत्रित करने को लेकर परिजनों को खास ध्यान देने की जरूरत है, उनके लिए कुछ ऐसी गतिविधियों की योजना बनाएं ताकि उनको फोन से कुछ वक्त के लिए दूर किया जा सके। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्गों को भी अपनी व्यस्तता से समय निकालकर कुछ वक्त बच्चों को अवश्य देना चाहिए ताकि वह अपनी भावनाओं और विचारों को आपस में साझा कर सकें।

बढ़ता वायु प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु संकट भी स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। स्थिति तो यहाँ तक पहुँच गयी है कि स्वच्छ वायु में सांस लेना भी दूभर हो गया है। इसी को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जुलाई 2022 में एक प्रस्ताव पारित करते हुए कहा था कि स्वच्छ, स्वस्थ और शुद्ध पर्यावरण हर एक मनुष्य का सार्वभौमिक मानव अधिकार होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि वृक्षारोपण को हर कोई जीवन में अहमियत दें। विकास के नाम पर काटे जा रहे जंगलों और अंधाधुंध खनन का ही नतीजा है कि हम शुद्ध हवा के लिए तरस रहे हैं। जरूरी विकास कार्यों के लिए पेड़ काटे जाते हैं तो उनके स्थान पर वृक्षारोपण जरूर किया जाए। विशेष आयोजनों के दौरान स्वागत में पौधे भेंट किये जाएँ और उसकी उपयोगिता भी समझाई जाए ताकि लोग उसको रोप कर देखभाल भी सुनिश्चित करें। दूषित पानी और अस्वच्छता के कारण भी डायरिया जैसी कई बीमारियाँ फैल रही हैं। इस पर भी ध्यान देना जरूरी है कि हर किसी को साफ व स्वच्छ पीने का पानी अवश्य मिले। हाथों की स्वच्छता के बारे में भी हर किसी को जागरूक होना जरूरी है क्योंकि कई संक्रामक बीमारियाँ दूषित हाथों से खाना खाने और आँख, नाक व मुंह को छूने से फैलती हैं। बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए धूम्रपान, शराब का सेवन या किसी अन्य प्रकार के नशे की गिरफ्त में जाना अँधेरे कुंए में हाथ-पाँव मारने के समान होगा।

ज्ञात हो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन हर साल सात अप्रैल को अपने स्थापना दिवस को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में बड़े पैमाने पर मनाता है। वर्ष 1948 में पहली विश्व स्वास्थ्य सभा का आयोजन जिनेवा में किया गया था, जिसमें विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का संकल्प लिया गया था। इसके बाद सात अप्रैल 1950 को पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया था, तब से यह हर साल मनाया जाता है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

विचार

बृजमोहन अग्रवाल



# भय से विश्वास तक: एक युगांतकारी परिवर्तन

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है। नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंततः लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया-इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंततः इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया। इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ-केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को- जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने "सॉफ्ट टारगेट्स" की तलाश शुरू की-ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित "जन अदालतों" के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया। छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार-सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए।

दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई।

वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। "ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी" के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए। तत्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं। उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरुआत हुई। वास्तविक परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध स्पष्ट, कठोर और समन्वित नीति अपनाई गई। नक्सलवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर, राष्ट्र की एकता, विकास और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चुनौती मानते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार की गई।

नक्सलवाद पर यह विजय केवल एक आंतरिक सुरक्षा अभियान की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जो लोग बंदूक और गोलियों के दम पर भय के माध्यम से छत्तीसगढ़ में छद्म राज्य की कल्पना करते थे उनका अंत हुआ और लोकतंत्र की विजय हुई। बुलेट पर बैलेट की जीत हुई। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर बस्तर की जनता को इस ऐतिहासिक विजय की हृदय से शुभकामनाएं।

## संक्षेप

### सपा कार्यकताओं की मासिक बैठक संपन्न

**विधायक प्रत्याशी का चयन संगठन की सहमति से होगा**

अमेठी , समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक 4 अप्रैल को जिला मुख्यालय गौरीगंज में संपन्न हुई।इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति और पंचायत स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकताओं की मौजूदगी में यह बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई।जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी का चयन भी संगठन की सहमति से ही किया जाएगा। यादव ने जमीनी स्तर पर सक्रिय और जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले कार्यकताओं को प्राथमिकता देने की बात कही और वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का भरोसा जताया। नीतियों और योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ. अरशद अहमद ने किया। इस दौरान प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने कार्यकताओं से अपील की कि वे अखिलेश यादव की नीतियों और योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं, ताकि आम जनता को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जा सके।पूर्व मंत्री नदीम अशरफ जायसी और हीरालाल यादव ने भी अपने विचार रखे। हीरालाल यादव ने कहा कि संगठन से बड़ी कोई ताकत नहीं होती और मजबूत संगठन ही चुनाव में जीत की नींव रखता है। वहीं, नदीम अशरफ जायसी ने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया, क्योंकि बिना संगठन के कोई भी नेता विधायक नहीं बन सकता। बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई।स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नेताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

### कमालपुर प्राइमरी पाठशाला में वार्षिक उत्सव

**ग्राम प्रधान, शिक्षा समिति अध्यक्ष सहित सैकड़ों अभिभावक रहे मौजूद**

अमेठी , प्राइमरी पाठशाला कमालपुर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चंद्र गौड़, शिक्षा समिति के अध्यक्ष राम गोपाल मिश्रा, प्रधानाध्यापक राज बक्श सिंह (बघईया कमालपुर), प्रधानाध्यापक शिव महेश शुक्ला, सहायक अध्यापिका प्रतिभा सिंह, अनुदेशक रविंद्र प्रताप सिंह, अनुदेशक कुसुमलता, आंगनबाड़ी अध्यापिका मालती पांडे और आशा बहू सीमा सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे।ग्राम प्रधान रमेश चंद्र गौड़ ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्राइमरी पाठशाला भेजने का आग्रह किया।उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ बैठने की उत्तम व्यवस्था, निःशुल्क कॉपी-किताब, ड्रेस, स्वच्छ पेयजल और पौष्टिक भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है।

# आरएसएम का प्रांतीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग कानपुर में संपन्न

## टेट परीक्षा की अनिवार्यता से मुक्ति एवं पुरानी पेंशन बहाली का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रान्त स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कानपुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष/ प्रदेश प्रभारी प्रदेश महेंद्र कुमार ने संगठन में व्यक्ति नहीं विचार प्रमुख है,उन्होंने कहा कि वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति एवं कार्यकर्ता विकास पर अपने विचार रखें।उदघाटन सत्र में बीजेपी के बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान और दर्शन से बच्चों को परिचित कराना शिक्षकों का प्रमुख दायित्व है एवम्‌राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इस दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रहा है।समापन सत्र में प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रांत श्रीराम जी ने कहा कि ?विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में भारत भक्ति, भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों,ज्ञान और दर्शन का संचार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश कर रहा है।प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह नें अपने सम्बोधन नें कहा पारितोष इंटरनेशनल स्कूल कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय 4-5 अप्रैल कों अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें अवध व कानपुर प्रांत के 29 जिलों से 326 शिक्षक शिक्षाविदों ने प्रतिभाग कर शैक्षिक उन्नयन, सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने,गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने एवं हमारा विद्यालय- हमारा तीर्थ का संकल्प लिया अपने विद्यालयों को तीर्थ के रूप में विकसित करें।उन्होंने टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21 बहाल करने, स्व वित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए सेवा नियमावली बनाने आदि पर निर्णायक संघर्ष करने की बात कही।कार्यक्रम में आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति अरविन्द दीक्षित, अभ्यास वर्ग को प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी, माध्यमिक संवर्ग के महामंत्री डॉ संतोष शुक्ला,प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल, शिक्षाविद् रचना अवस्थी, संजय अवस्थी ने भी संबोधित करते हुए मार्गदर्शन किया।इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, श्रीराम शुक्ला, प्रताप कटियार सहित प्रदेश पदाधिकारी सहित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी,जिला उपाध्यक्ष- अरुण कुमार अवस्थी, आसिफ खान,जिला मन्त्री- चन्द्रेश कुमार राजभर,जिला मंत्री धनंजय कुमार पाण्डेय,जिला संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार त्रिपाठी जी, जिला संयुक्त मंत्री सजल मिश्र,जिला मीडिया प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव,डीडी पटेल,जितेन्द्र नाथ पाठक,अमित कुमार पाण्डेय,धर्मेन्द्र सिंह राठौर,बर्जीलियस सिंह,विजय नरेश, विवेक राजपाल ने अभ्यास वर्ग में प्रतिभाग किया।

# सफारी सवारों ने इंजीनियरिंग छात्र को पीटा

## खाट पंचायत में गरजी करणी सेना, न्याय न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के नकौड़ी शाहपुर मे स्तिथ सिसई पुरवा में सोमवार को करणी सेना व सर्वण आर्मी द्वारा खाट पंचायत का आयोजन किया गया। यह पंचायत हाल ही में एक ब्राह्मण युवक की पिटाई के मामले को लेकर बुलाई गई थी। संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली और न्याय की मांग उठाई।करणी सेना के जिला अध्यक्ष सेवेन्द्र सिंह ने कहा कि पैसों के लेन-देन के विवाद को बहाना बनाकर युवक शौरभ की पिटाई की गई, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने केवल मुकदमा दर्ज कर औपचारिकता पूरी की है।जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो संगठन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेगा और जिला स्तरीय अधिकारियों का घेराव भी किया जाएगा।सर्वण आर्मी के जिला उपाध्यक्ष हाकिम सिंह ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया गया है।

### क्या है मामला

नकौड़ी शाहपुर निवासी अरुण कुमार ने थाना फखरपुर में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पैसों के लेन-देन के विवाद में उनके भाई सौरभ के साथ मारपीट की गई, जिससे वह बेहोश हो गया। साथ ही गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया।

थानाध्यक्ष संजीव चौहान ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 352 व 110 बी एन एस के तहत बनारसी लाल वर्मा समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना 30 मार्च की बताई जा रही है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।खाट पंचायत में करणी सेना व सर्वण आर्मी के कई पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में हुई विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। महावीर जयंती के उपलक्ष में सुभाष चंद्र जैन ने सरस्वती विद्या मंदिर में बैठक कर छात्र-छात्राओं को पेंशन कटर आदि पाठ सामग्री देकर पुरस्कृत किया। व महावीर के आदर्शों को छात्रों को बताया।सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर, रुपईडीहा में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय में कला प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता कराया गया जिसमें बच्चों के द्वारा महावीर जी के विचारों और अहिंसा परमो धर्म जीवो पर दया करो आदि वक्तव्य रखा गया जिसमे



### मेधावी छात्र एवं उपलब्धियाँ

विद्यालय के विभिन्न भैया/बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया जिसमें किशोर वर्ग से भैया गौरव शर्मा सुहानी मौर्या, मानवी, विपिन मौर्या, अजय सिंह, कवि पाठक, शिवा गुप्ता, संजना मिश्रा आदि बच्चों ने अपना स्थान प्राप्त कर दबदबा कायम किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल व दयाशंकर शुक्ल, ब्रजनरेश, नीरज बरनवाल , मनीराम शर्मा और 100 भैया/बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीपीआर प्रशिक्षण से निखरे विद्यार्थियों के जीवनरक्षक कौशल

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सीपीआर (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सही जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यावहारिक रूप से दक्ष बनाना रहा। कार्यशाला में एसोसिएट प्रोफेसर (क्रिया शारीर) डॉ. मनीष कुमार शर्मा ने सीपीआर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से बताया कि हृदयगति रुकने की स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बेहद अहम होते हैं, जिनमें सही तरीके से सीपीआर देने पर किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान स्वयं अभ्यास कर तकनीक को समझा।इस अवसर पर आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी सहित डॉ. देवेश तिवारी, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. प्रियंका शर्मा, संजय गौतम, डॉ. इरफान, डॉ. उमेश नारायण मिश्रा, डॉ. शालू गुप्ता, डॉ. निधि पोरवाल एवं जेपी शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महत्वपूर्ण जीवनरक्षक कौशल सीखे। अंत में प्राचार्य ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य के चिकित्सकों में आत्मविश्वास, तत्परता और आपातकालीन चिकित्सा की समझ को मजबूत बनाते हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने 43 बकरियों के साथ चार तस्कर किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (SSB) ने तस्करी के एक प्रयास को नाकाम कर दिया। 42वीं वाहिनी के जवानों ने कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43 बकरियां बरामद कीं।कमांडेंट गिरीश चंद पाण्डेय के निर्देशन में सीमा चौकी पंच पोखरी के जवानों को मिली सटीक सूचना के आधार पर नाका टीम गठित की गई।मुख्य आरक्षी लाल सिंह आजाद के नेतृत्व में जवान देर रात निगरानी में जुटे थे।इसी दौरान नेपाल की ओर से चार संदिग्ध व्यक्ति बकरियों के झुंड के साथ भारत की ओर आते दिखाई दिए। जवानों द्वारा रुकने का संकेत देने पर सभी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बकरियों को नेपाल से अवैध रूप से लाकर रुपईडीहा बाजार में बेचने की फिराक में थे। सभी आरोपी ग्राम बर्तान्वा, थाना रुपईडीहा, जनपद बहराइच के निवासी बताए गए हैं।कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर थाना रुपईडीहा पुलिस को सौंप दिया गया है, जबकि बरामद 43 बकरियों को आगे की कार्रवाई के लिए काजी हाउस भेजा गया है।

# मौलिक वर्मा अठ्ठैसा व मुकेश कुमार बलहा केन्द्र के बने प्रभारी

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। उप कृषि निदेशक डॉक्टर विनय कुमार वर्मा ने राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र के दो केंद्र प्रभारियों को नई तैनाती दी है वही एक केंद्र के प्रभारी को लापरवाही मिलने पर केंद्र से हटाकर कृषि भवन में संबंध किया गया है। राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र पर तैनात केंद्र प्रभारी के कार्यक्षेत्र में बदलाव हुआ है जिसमें मौलिक वर्मा को राजकीय कृषि बीज भंडार अठ्ठैसा विकासखंड जरवल का केंद्र प्रभारी बनाया गया है। वहीं अठ्ठैसा में केंद्र प्रभारी के रूप में तैनात रहे मयंक कुमार को वहां से हटाकर उप कृषि निदेशक कार्यालय बहराइच से संबद्ध किया गया है। वहीं तहसील नानपारा के राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र बलहा के प्रभारी अमर सिंह का गैर जनपद तबादला हो जाने के चलते रिक्त हुए पद पर मुकेश कुमार को केंद्र प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है ।उप कृषि निदेशक डॉ विनय कुमार वर्मा ने बताया कि राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्रो का सही रूप से संचालन के लिए समय-समय पर जांच कर समीक्षा की जाती है ।इसी के तहत अठ्ठैसा में मौलिक वर्मा तथा बलहा में मुकेश कुमार को तैनाती दी गई है। वहीं मयंक कुमार को अठ्ठैसा से हटाकर कार्यालय से संबद्ध किया गया है। आपको बताते चलें कि केंद्र प्रभारियों के हुए तबादले के बाद से कृषि विभाग में लंबे समय से केंद्रो पर जमे प्रभारी एवं कर्मचारियों में हड़कंप है ।सूत्रों की माने तो अभी कई और केंद्र प्रभारी और केंद्रो पर तैनात अन्य कृषि कर्मचारियों के तबादले होने हैं।

# नरैनापुर उच्च प्राथमिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बना आकर्षण का केंद्र, प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा बहराइच। सीमावर्ती क्षेत्र स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नरैनापुर में आयोजित वार्षिकोत्सव इस बार खास उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ0 उमाशंकर वैश्य तथा विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख नवाबगंज जे पी सिंह रहे।सर्व प्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सामाजिक संदेश से जुड़े नाटक, कविताएं और नृत्य शामिल रहे, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग भाव-विभोर हो उठे। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।विद्यालय प्रशासन की ओर से आए अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं और नवाचारों की भी जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि और अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि गांवों के स्कूल अब तेजी से बदल रहे हैं और यहां के बच्चे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और विद्यालय के वातावरण की सराहना की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. उमाशंकर वैश्य, ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। विद्यालय में कंप्यूटर, आधुनिक प्ले बोर्ड सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी बड़े पदों तक पहुंच रहे हैं।इस अवसर पर अविराज सैनी, भूपेंद्र सिंह, ज्योति सैनी, ओमप्रकाश वर्मा, अजय पांडे, योगेश कुमार, फरीद अहमद, आनंद यादव, अनुज सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया गया और अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# लावारिस बालक के सम्बन्ध में मांगी गई जानकारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय ने बताया कि एक मन्दबुद्धि बालक जिसकी आयु लगभग 12 वर्ष है, जो अपना नाम अनूप, पिता का नाम संदीप, माता का नाम महामाया तथा ग्राम गायघाट बता रहा है। लावारिस अवस्था में मिला बालक अनूप 13 मार्च 2026 से बाल देखरेख संस्था (सी.सी.आई.) परेड सरकार, पोर्टलगंज, जनपद गोण्डा में आवासित है। सुश्री राय ने बताया कि मन्दबुद्धि बालक द्वारा बताये गये विवरण पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सचिव ने आमजन से अपेक्षा की है कि लावारिस बालक के सम्बन्ध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय मो.न. 9415872545 अथवा बाल देखरेख संस्था के चीफ को-आर्डिनेटर उपेन्द्र श्रीवास्तव के मो.न. 9161925672 पर सूचित करने का कष्ट करें।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव, भाई को फोन पर बताई परेशानी, फिर कर ली खुदकुशी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पट्टी कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान आंबेडकर नगर जनपद के हैदराबाद निवासी सुरजीत कुमार (40) के रूप में हुई है। वह अपने भाई संजीव कुमार के साथ शेखपुर अठंगवा गांव में अमितेश सिंह के यहां मजदूरी करता था। सुरजीत खेती-बाड़ी का काम संभालता था, जबकि संजीव पोल्ट्री फार्म देखता था। वह अपनी पत्नी मंजू देवी और दो बेटियों के साथ रहता था।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सुरजीत का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद उसने अपने भाई संजीव को फोन कर अपनी परेशानी बताई और आत्महत्या करने की इच्छा जताई।

# 15 दिनों से जला ट्रांसफार्मर, सैकड़ो की आबादी अंधेरे में



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिरौली कला में बीते 15 दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर जला हुआ है ग्रामीणों के तमाम शिकायतों के बावजूद फखरपुर पावर हाउस के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्रामीण विजय कुमार महेश अनुज कुमार राजू आदि ने बताया 32 कनेक्सन है गांव में हम लोगों ने कई बार 1912 पर कंप्लेंट किया है फखरपुर पावर हाउस व लाइनमैन को सूचना दी है बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हो रही है समय रहते जल्द ट्रांसफार्मर बदला नहीं किया तो हम लोग सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे इस मौके पर अवर अभियंता सुनील कुमार वर्मा को कई बार फोन मिलाया गया मगर उनका फोन नहीं उठा।

# युवक ने उखाड़ा सरकारी खड़ंजा

## महिला के विरोध करने पर भिड़ने का प्रयास, वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, बाबागंज क्षेत्र में दबंगई का एक वीडियो सामने आया है।इसमें एक युवक को सरकारी खड़ंजा उखाड़ते हुए देखा जा सकता है। यह मामला महेशगंज थाना क्षेत्र की भैसाना ग्राम सभा का बताया जा रहा है। वीडियो में युवक फावड़े से सरकारी मद से बने खड़ंजे को उखाड़ता दिख रहा है। आरोप है कि वह जबरन ईंटें निकालकर वहां दीवार बनाना चाहता है। जब एक महिला ने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया, तो युवक उससे भिड़ने का प्रयास करता नजर आया। ग्रामीणों के अनुसार, युवक ने पहले भी कई ईंटें उखाड़ी हैं, जिससे रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। खड़ंजा उखाड़े जाने से गांव के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में महेशगंज पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि पुलिस ने युवक को केवल चेतावनी दी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कथित दबंग को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण वह लगातार अराजकता फैला रहा है। फिलहाल, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर इस मामले में कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है।

## संक्षेप

### बड़ौत में दो नाबालिग बहनों के अपहरण का आरोप

**पीड़ित परिवार ने बागपत तहसील दिवस में न्याय की गुहार लगाई**

बागपत , जनपद के बड़ौत तहसील क्षेत्र से दो नाबालिग बहनों के जबरन अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने 12 मार्च 2026 की रात हुई इस घटना को लेकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बागपत तहसील में आयोजित तहसील दिवस में एक शिकायती पत्र सौंपा ।परिवार का आरोप है कि गांव के ही दो युवक उनकी नाबालिग बेटियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए।यह घटना रात लगभग 11:30 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद से ही परिवार लगातार स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर रहा है। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कई बार थाने और संबंधित अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है ।परिवार ने तहसील दिवस में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि उनकी बेटियां अभी तक नहीं मिली हैं, जिससे परिवार में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है ।इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

### पूर्ति विभाग पर भ्रष्टाचार, उत्पीड़न के आरोप

**संविदा नौकरी के नाम पर रिश्वत लेने का मामला सामने आया**

बागपत , ईदगाह निवासी अंकित राजपूत ने तहसील दिवस में जिला पूर्ति कार्यालय के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने विभाग पर भ्रष्टाचार, उत्पीड़न और अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं ।राजपूत का आरोप है कि लगभग छह साल पहले कुछ कर्मचारियों ने उन्हें संविदा नौकरी दिलाने के नाम पर बड़ी रकम ली थी। जब उन्होंने नियुक्ति पत्र मांगा, तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया और विरोध करने पर लगातार धमकाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने कई उच्च अधिकारियों से की थी। विभिन्न स्तरों पर जांच भी हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। शिकायत में अभय प्रताप और अनूप तिवारी सहित कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित का कहना है कि ये कर्मचारी उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं और झूठी शिकायतें कर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उनके परिवार का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त, जिला पूर्ति कार्यालय में फजीवाड़े और अन्य अनियमितताओं के भी आरोप हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, राशन दुकानों के आवंटन में गड़बड़ी, फर्जी हस्ताक्षर और आवश्यक दस्तावेजों को दबाकर रखने जैसे मामले सामने आए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी भी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जा रही है ।राजपूत ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ कर्मचारी कोटेदारों से अवैध वसूली करते हैं और कार्रवाई के डर से उन पर दबाव बनाते हैं। इस पूरे मामले ने जिला पूर्ति कार्यालय की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# धूमधाम से मनाया गया बीजेपी का स्थापना दिवस

## 47वें स्थापना दिवस में सम्मानित हुए वयोवृद्ध कार्यकर्ता

**अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला**



फतेहपुर।देश प्रदेश समेत जनपद में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जनपद के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा झंडारोहण करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की गई वही कार्यक्रम अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की धरोहर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय अटल बिहारी वाजपेई इत्यादि की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए सभी लोगों ने हर्षोल्लास मनाया कार्यक्रम अंतर्गत मौजूद पार्टी के वरिष्ठ राधेश्याम गुप्ता महेंद्र नाथ बाजपेई रज्जन लाल त्रिवेदी अमरनाथ चौरसिया श्यामलाल निषाद रमेश सचान विनोद गुप्ता समेत लगभग दो दर्जन बुजुर्ग कार्यकताओं को अंग वस्त्र माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया इस मौके पर विधायिका कृष्णा पासवान जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल पूर्व विधायक करण सिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष दिनेश बाजपेई आशीष मिश्रा अभय प्रताप सिंह सुशीला मौर्या समेत जनपद के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे इसी प्रकार जनपद के सभी मंडलों समेत अमौली मंडल में भी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री संतोष गुप्ता डॉ राम भक्त वर्मा आदि जनपद के पदाधिकारियों ने पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी लालकृष्ण वाणी आदि की मूर्तियों में माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम को सुचारू से संपन्न किया वही सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय पटेल अनिल ओमर कपिल सिंह रणधीर सिंह अशरफ खान महामंत्री शिवा गुप्ता उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शुक्ला मोहित सोनी समेत भारी संख्या में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# नामित सभासदों का नगर पंचायत में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## जगह-जगह पहुंचे अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने दिलाई गोपनीयता की शपथ



**अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला**

फतेहपुर। जनपद के सदर नगर पालिका सभागार अंतर्गत शासन द्वारा नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची उप जिलाधिकारी अनामिका श्रीवास्तव ने नामित सभासद विकास गुप्ता अभिषेक श्रीवास्तव सुनिधि तिवारी ज्ञाना पासवान एवं अभिलाषा सिंह को शपथ ग्रहण कराई इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह समेत सभी सभासद मौजूद रहे ठीक इसी प्रकार जनपद के जहानाबाद कस्बे अंतर्गत शासन द्वारा नामित किया गए सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ कस्बे के आदर्श नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल की मौजूदगी में उपजिला अधिकारी बिंदकी प्रदीप कुमार रमन ने नामित किए गए सभासद राजेश बाजपेई रामबली निषाद तथा गीता गुप्ता को गोपनीयता की शपथ दिलाई सभी सभासदों को मुख्य अतिथि समेत मौजूद लोगों द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी गई वही नगर पंचायत पहुंचे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल उप जिलाधिकारी बिंदकी आदि का अधिशासी अधिकारी पंकज सिंह लिपिक राघवेंद्र सिंह आदि सभी लोगों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष शिम्पू शिवहरे अनिल श्रीवास्तव शिवसागर सोनकर उमाकांत कुशवाहा राजीव निषाद भरत सिंह सेंगर कालिका सिंह नितिन ओमर मुबीन अरविंद रामकुमार शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत सभी सभासद व कर्मचारीगण मौजूद रहे

# लायन्स क्लब ऑफ मेरठ ने शुरू की मोर्चरी वैन सेवा




**अंतिम यात्रा में जरूरतमंदों को मिलेगी सम्मानजनक सुविधा ,आईएमए हॉल में हुआ लोकार्पण**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ ,समाजसेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए लायन्स क्लब ऑफ मेरठ ने शनिवार को मोर्चरी वैन सेवा का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को अंतिम यात्रा के समय सम्मानजनक और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम का आयोजन आईएमए हॉल, बच्चा पार्क में किया गया, जिसमें शहर के कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और क्लब के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान मेरठ लायन्स सेवा ट्रस्ट की ओर से स्थायी सेवा परियोजना के तहत मोर्चरी वैन का विधिवत उद्घाटन किया गया मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर वाहन का लोकार्पण किया और इसे जनसेवा के लिए समर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह सेवा शहर के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी और मानवता की सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# देसी शराब पीने से 3 की मौत

## आबकारी विभाग ने शराब के सैंपल को लैब भेजा, ठेका सील; गांव में पुलिस फोर्स तैनात



**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , देसी शराब पीने के बाद जितेंद्र कश्यप, बाबूराम प्रजापति और अंकित की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली है ।पुलिस और प्रशासनिक अफसरों का गांव में डेरा है ।सुबह तीनों के शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे तो परिवारों में कोहराम मच गया। तीन मौतों के बाद गांव में सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी दुकान से ली गई शराब पीने के बाद ही तीनों की मौत हुई है। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। वहीं आबकारी विभाग ने संबंधित ठेके को सील कर दिया है और दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। डीएम डॉ. वीके सिंह ने बताया कि पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें विस्तृत जांच कर रही हैं। मृतकों के बिसरा और शराब के नमूनों की जांच की जा रही है। प्रशासन का प्रारंभिक दावा है कि मौत शराब से नहीं बल्कि किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है ।सभी ब्रांडों की शराब और उनके क्यूआर कोड की भी जांच की जा रही है, विशेष रूप से 'परिकला' ब्रांड पर ध्यान दिया जा रहा है। पहले एक नजर पूरी वारदात पर दौराला के सांईपुरी गली नंबर 2 में बाबूराम प्रजापति भराला वालों का रिया स्पेलर व आटा चक्की है। शाम इसी क्षेत्र का रहने वाला अंकित देशी शराब का टेट्रा पैक लेकर यहां पहुंचा ।दुकान पर बाबूराम के अलावा उनका कर्मचारी जितेंद्र कश्यप भी मौजूद था। बताया जाता है कि तीनों ने उस शराब को पिया, जिसके कुछ मिनट बाद ही उनकी तबियत खराब होने लगी। परिवार के लोग तीनों को उठाकर अस्पताल ले आये, जहां तीनों की मौत हो गई ।परिजनों का अस्पताल में हंगामा तीन मौतों से गांव में कोहराम मच गया। आक्रोशित भीड़ अस्पताल पहुंच गई और शराब की दुकान पर मिलावटी शराब बेचने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर डीएम डा. वीके सिंह, एसएसपी अविनाश पांडेय और जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार अपनी टीमों के साथ अस्पताल पहुंचे और स्थिति को संभाला।

# साले ने जीजा पर पेट्रोल छिड़का

**पति-पत्नी विवाद में आग लगाई, युवक गंभीर झुलसा**



**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, लोहियानगर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद के चलते एक व्यक्ति को उसके साले और अन्य साथियों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। देर रात हुई इस घटना में जीजा गंभीर रूप से झुलस गया। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। न्यू इस्लामनगर गली नंबर 31 निवासी शहजाद (पुत्र मुन्ना) की शादी करीब छह साल पहले नरहड़ा गांव की आबिदा (पुत्री यूसुफ) से ह ई थी। दंपति का चार वर्षीय बेटा अरहम है। परिजनों के अनुसार, पिछले कई महीनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, जिसे सुलझाने के लिए कई बार पंचायतें भी हुई थीं। बताया जा रहा है कि आबिदा नौ माह की गर्भवती भी है ।शहजाद और उसकी मां सलमा ने आरोप लगाया है कि सुबह करीब 11 बजे ससुराल पक्ष के लोग उनके घर आए थे और कुछ देर बाद लौट गए। इसके बाद शाम को साला आदिल अपने साथियों के साथ फिर से घर पहुंचा। इस दौरान आदिल की शहजाद से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान साले आदिल, लालू और पत्नी आबिदा ने अपने साथियों के साथ मिलकर शहजाद पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी ।शहजाद की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से झुलसे युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्कूल की नई टाइमिंग पर 400 अभिभावकों का विरोध

## गाजियाबाद में नारेबाजी, सड़क जाम; स्कूल प्रशासन से मांगा जवाब

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद , मेरठ रोड स्थित डीपीएसजी स्कूल में आज लगभग 400 से अधिक अभिभावकों ने स्कूल के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावक स्कूल की ओर से बढ़ाई गई नई टाइमिंग से नाराज थे ।इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की और कुछ देर के लिए सड़क भी जाम कर दी। अभिभावकों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह पहले तक स्कूल का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक था। हालांकि, स्कूल प्रशासन ने बिना अभिभावकों की सहमति के समय बढ़ाकर सुबह 8 बजे से शाम 3:30 बजे कर दिया है। इस नई टाइमिंग के कारण बच्चों को घर पहुंचने में काफी देर हो जाती है। पेरेंट्स ने बताया कि छोटे बच्चों पर इतना अधिक समय का बोझ डालना ठीक नहीं है। उनके अनुसार, देर से घर आने के कारण बच्चों को आराम करने, खेलने और पढ़ाई करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। पहले स्कूल में तक ही कक्षाएं लगती थीं, लेकिन अब शनिवार को भी क्लास शुरू कर दी गई है ।एक अभिभावक अब्बास हैदर ने बताया कि उनका बच्चा तीसरी कक्षा में पढ़ता है। वह सुबह 7:30 बजे घर से निकलता है और शाम को लगभग 6 बजे घर पहुंचता है। ऐसे में बच्चा न तो ठीक से दोपहर का भोजन कर पाता है और न ही शाम को खेल पाता है ।स्कूल प्रबंधन ने इस मामले में तीन दिन का समय मांगा है। स्कूल प्रबंधन की बैठक के बाद सभी अभिभावकों को इस संबंध में जानकारी दी जाएगी। स्कूल के शिक्षक यतिन डेंगरी ने बताया कि बच्चों को हर पीरियड के बाद 5 मिनट का ब्रेक दिया जा रहा है, साथ ही 40 मिनट का लंच ब्रेक भी रखा गया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत बच्चों को विभिन्न राज्यों पर रिसर्च करने के लिए दिया गया है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए ग्रूमिंग सेशन भी जोड़े गए हैं। इस मामले में स्कूल प्रबंधन का कहना है कि हर क्लास नहीं होगी। केवल महीने के दो शनिवार को ही बच्चों को आना होगा और उस दिन हाफ डे रहेगा। स्कूल का कहना है कि यह बदलाव बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए किया गया है।

# तलाक के बाद बैंड-बाजे के साथ वापस घर आई बेटी

## रिटायर्ड जज पिता ने कहा- मेरी बेटी कोई सामान नहीं, "I Love My Daughter" लिखी टी-शर्ट पहनी

**अमन लेखनी समाचार**



मेरठ ,एक पिता ने तलाक के बाद अपनी बेटी का घर में ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। जैसे किसी शादी या त्योहार का जश्न हो। बेटी के घर पहुंचते ही पूरा परिवार खुशियों में झूम उठा। ढोल की थाप पर लोग नाचते-गाते नजर आए। मिठाइयां बांटी गईं। फूल-माला पहनाकर बेटी का स्वागत किया। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्य एक जैसी टी-शर्ट पहने दिखे। टी-शर्ट पर बेटी की तस्वीर थी और लिखा था- "I Love My Daughter" ।हर चेहरे पर बेटी की घर वापसी की खुशी साफ झलक रही थी। पिता ने भावुक होकर कहा- अगर मेरी बेटी शादी में खुश नहीं थी, तो उसे खुश रखना मेरा फर्ज है। मैंने कोई एलीमनी या सामान नहीं लिया। सिर्फ अपनी बेटी को वापस घर लाया हूं। अब पढ़िए पूरा मामला रिटायर्ड जज ज्ञानेंद्र शर्मा ने अपनी बेटी प्रणिता शर्मा की शादी 14 दिसंबर 2018 को मेरठ के ही मेजर गौरव अग्निहोत्री से की थी। शादी के बाद से पति और ससुराल वाले उसको प्रताड़ित करने लगे। पिता ने बताया- पिछले 7 सालों में मेरे बेटी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेरी बेटी के एक साल का बेटा भी है। बेटे के होने के बाद भी पति और ससुराल पक्ष की ओर से बेटी को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रताड़ित किया गया। मेरी बेटी कई बार सोचा सब ठीक हो जाएगा, लेकिन हालात नहीं बदले। इसके बाद मेरी बेटी ने तलाक लेने का मन बनाया। इसके बाद उसने मेरठ के फैमिल कोर्ट में तलाक की अर्जी दी। 4 अप्रैल को तलाक मंजूर हो गया। इसके बाद हम लोग बेटी प्रणिता शर्मा को तलाक के बाद पूरे सम्मान के साथ घर वापस लाए है। परिवार ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई इस दौरान परिवार के लोग ढोल की थाप पर नाचते-गाते नजर आए। मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। बेटी के स्वागत में फूल-मालाएं पहनाई गईं और पूरे माहौल में उत्सव जैसा माहौल दिखा। खास बात यह रही कि परिवार के सभी सदस्य एक जैसी टी-शर्ट पहने हुए थे, जिस पर प्रणिता की तस्वीर के साथ "I Love My Daughter" लिखा हुआ था। हर चेहरे पर बेटी की घर वापसी की खुशी साफ झलक रही थी।

# ग्रेटर नोएडा में फार्म हाउस से लाखों की चोरी

**सोलर सिस्टम सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए, जांच में जुटी पुलिस**

**अमन लेखनी समाचार**



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक फार्म हाउस से लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया। सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव स्थित इस फार्म हाउस का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पारसौल गांव के रहने वाले राजवीर मलिक ने पुलिस को बताया- उनका सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव में एक फार्म हाउस है। वे महीने में केवल एक-दो बार ही वहां जाते हैं। सुबह जब राजवीर मलिक फार्म हाउस पहुंचे, तो उन्होंने ताला टूटा हुआ पाया और अंदर से सामान गायब मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी ।चोरों ने रात फार्म हाउस का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर सोलर सिस्टम सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गांव के बाहर लगेंगे इलेक्ट्रिक डिस्प्ले बोर्ड

## महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, उद्यान विभाग, सिविल कार्य, जल और सीवर के होंगे नंबर

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण एक नई पहल करने जा रहा है। इसके तहत प्राधिकरण सभी गांवों के बाहर इलेक्ट्रिक कॉन्टैक्ट नंबर वाले डिस्प्ले बोर्ड लगाएगा, जिन पर विभिन्न विभागों से जुड़े जरूरी हेल्पलाइन नंबर अंकित होंगे। इन डिस्प्ले बोर्डों पर महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, उद्यान विभाग, सिविल कार्य, जल और सीवर से संबंधित शिकायतों के लिए अलग-अलग नंबर दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या के समय लोगों को भटकना न पड़े और वे सीधे संबंधित विभाग से संपर्क कर सकें। यह निर्णय हाल ही में आयोजित एक बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक पंकज सिंह ने की। कर सकेंगे शिकायत दर्ज बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इस योजना को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि आम नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि कई बार लोगों को सही विभाग का नंबर न मिलने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी होती है, जिससे समस्याएं बढ़ जाती हैं। डिस्प्ले बोर्ड लगने से यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी ।महिलाओं के लिए होगी आसानीखासकर महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराध जैसे संवेदनशील मामलों में तुरंत संपर्क स्थापित करना आसान होगा।

# प्रोफेसर के बैंक खाते से 59 लाख रुपए निकाले

## नोएडा में ई-मेल को किया हैक, न मोबाइल पर ओटीपी आया और न ही अलर्ट मैसेज

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , साइबर अपराधियों ने एक प्रोफेसर के बैंक खाते से 59 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित को ठगी की जानकारी तब हुई, जब बैंक से मैसेज आया कि उसके खाते से भारी रकम ट्रांसफर हो गई है। इसके बाद उसने तुरंत बैंक और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उनकी जांच की जा रही है ।साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में पवन कुमार भारती ने बताया- वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा के एक सोसाइटी में रहते हैं और पेशे से प्रोफेसर हैं। उनका एक बैंक में करंट अकाउंट है। बीते माह 23 मार्च को सुबह करीब साढ़े दस बजे पवन को बैंक से सूचना मिली कि उनके खाते से कई ट्रांजैक्शन किए गए हैं। जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि उनके खाते से अलग-अलग हिस्सों में कुल 59 लाख रुपये निकाल लिए गए हैं।

**ओटीपी और अलर्ट मैसेज नहीं आया**

पीड़ित के अनुसार उन्होंने यह ट्रांजैक्शन खुद नहीं किए थे और न ही उनके मोबाइल पर कोई ओटीपी या अलर्ट मैसेज आया था। जब उन्होंने अपना मोबाइल और ईमेल चेक किया तो पाया कि उनकी ईमेल आईडी निष्क्रिय हो गई थी। इससे उन्हें शक हुआ कि ठगों ने उनकी ईमेल और बैंकिंग जानकारी हैक कर ली।

## मिशन शक्ति 5.0 सोनभद्र पुलिस का जनजागरूकता अभियान

**महिला एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी और डळढ साझा न करने पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, ताकि आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें। सोनभद्र पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें और जागरूक रहकर स्वयं तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:**

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## कृष्णकांत दुबे बने सवर्ण आर्मी के जिला मीडिया प्रभारी



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर सवर्ण आर्मी जिला संयोजक सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में संगठन का विस्तार करते हुए मिजार्पुर जिला अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय ने मिजार्पुर जनपद से तेज तर्रार युवा नेता सवर्ण विचारों से परिपूर्ण व हमेशा सवर्ण की लड़ाई लड़ने में तत्पर पहाड़ी ब्लाक के चपगहना निवासी कृष्णकांत दुबे को जिला अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय ने नियुक्ति पत्र देते हुए सवर्ण आर्मी मिजार्पुर का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किये नियुक्ति पत्र देते हुए मुकेश पाण्डेय ने विश्वास जताया कि दुबे जी को जुड़ने से संगठन में मजबूती आएगी वही दुबे ने कहा कि जिस उद्देश्य व विश्वास के साथ हमें यह जिम्मेदारी मिली है हम पूरे निष्ठा के साथ इसका पालन करेंगे और समय आने पर सवर्ण के लिए अपने खून का एक-एक बुद निछावर करने के लिए तैयार रहूंगा

## दबंगई का तांडव दिनदहाड़े हमला

### तहरीर के बाद भी नहीं थमा उत्पात, पुलिस मूकदर्शक

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) नवीन मंडी गेट के पास रविवार को दिनदहाड़े करीब पांच दर्जन दबंगों ने फिल्मी अंदाज में चार दुकानों पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों सरिया से लैस हमलावरों ने दुकानों के अंदर रखा सामान सड़क पर फेंक दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दहशत में दुकानदारों और राहगीरों ने इधर-उधर भागकर खुद को दुकानों के अंदर बंद कर लिया और शटर गिरा दिए। सूचना पर पुलिस सायरन बजाती हुई मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाने का दावा किया गया। हालांकि, पीड़ितों का आरोप है कि घटना के बाद कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद दबंगों के हौसले कम नहीं हुए बल्कि पुलिस की मौजूदगी में ही उपद्रवियो के अगुआकार दोबारा मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को धमकाते रहे। इतना ही नहीं, सड़क पर फेंका गया सामान दुकानदारों को काफी देर तक अंदर नहीं रखने दिया गया जिसमें घटनास्थल पर मौजूद पुलिस की मिलीभगत नजर आई। इस दौरान खुले में पड़ा कीमती सामान तेज बारिश होने के कारण भीग गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार, एक दुकानदार का बड़ी मात्रा में पशु आहार भी भीग गया, जिससे उसे गंभीर आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही और कुछ देर बाद मौके से चली गई, जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल के नेताओं ने दबंगों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में क्षेत्रीय स्तर के एक प्रभावशाली व्यक्ति और उसके करीबी लोगों की भूमिका को लेकर चचाएं तेज हैं, हालांकि आधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर न केवल सवाल उठे हैं बल्कि व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश पनप रहा है हालांकि सवाल यह कि तहरीर के बाद भी दबंग दोबारा मौके पर कैसे पहुंच गए? पुलिस की मौजूदगी में दुकानदारों को धमकाने की हिम्मत आखिर किसके संरक्षण में मिली? सड़क पर पड़ा सामान भीगता रहा और पुलिस मूकदर्शक क्यों बनी रही? क्या प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस निष्क्रिय रही? आखिर कब तक व्यापारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे रहेगी? यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। पुलिस ने एक ओर एक्स पर लिखा संदर्भित प्रकरण स्थानीय पुलिस के संज्ञान में है। प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मौके पर तत्काल पुलिस बल भेजकर स्थिति को नियंत्रित किया गया। दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद अरविन्द कुमार राय ने बताया कि घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की निगरानी बढ़ा दी गई है। किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि या धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक शाहाबाद की कोई बाइट या वर्जन घटना के घटों बाद तक न एक्स पर आया और न पुलिस मीडिया ग्रुप पर मिला।

**खास समाचार**

## जेबकतरों ने वृद्ध की जेब काटकर उड़ाए 50 हजार..

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) ई-रिक्से से नातिन का आधार कार्ड सही कराने जा रहे एक वृद्ध की जेब काटकर जेबकतरों ने 50 हजार रुपए उड़ा ले गए। जेब कटी देखी तो हड़कम्प मच गया। कोतवाली के पंचमखेड़ा गांव निवासी राम दत्त पुत्र रामनरायण ने बताया कि सोमवार को अपनी बेटी अर्चना के साथ अपनी नातिन का आधार कार्ड सही कराने गंज मुरादाबाद से मल्लावां आए थे, जहां से आधार कार्ड सही कराने के बाद दूध डेरी से मिले 50 हजार रुपए बैंक में भी जमा कराने थे। ई-रिक्से पर सवार होकर आ रहे थे तभी गंगा एक्सप्रेस -वे के पास दो युवक ई -रिक्से पर सवार हो जाते है और मौका पाकर जेब काटकर 50 हजार रुपए पार कर दिए। जब सरकारी अस्पताल के बाहर ई रिक्से वाले को रुपए देने के लिए जेब में हाथ डाला तो जेब कटी देखी। तो हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से तलाश की जा रही है।

## अपना दल (एस) झांसी जिला कार्यकारिणी का गठन, आज होगा शपथ ग्रहण

अमन लेखनी समाचार



झांसी। अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष आर.पी. गौतम की संस्तुति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के अनुमोदन के बाद झांसी जनपद की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष भारत सिंह पचवारा ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला कार्यकारिणी में डॉ. सुभाष रायकवार को लगातार तीसरी बार महासचिव बनाया गया। इसके साथ ही भरत सिंह आसिफ, जितेंद्र और शाहिद को भी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र, रामराजा, संजीव चौधरी, सुशील और धीरज को नियुक्त किया गया। जिला सचिव के रूप में पवन, राम प्रसाद, अभिलेख, आशीष, रोहित, सत्येंद्र, अमर सिंह, देवदास कुशवाहा और चंदन परिहार को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला मीडिया प्रभारी के रूप में लोकेश और शिवकांत श्रीवास तथा कोषाध्यक्ष के रूप में महेंद्र को नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बलराम बरार, रूस्तम खान, सोनू, नरेंद्र कुशवाहा, डल्लू रायकवार, अनीश, हेमंत, अंसुल, गजेंद्र और तेज सिंह सहित अन्य को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान कार्यक्रम आज 7 अप्रैल 2026, मंगलवार को आयोजित मासिक बैठक में किया जाएगा।

## भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भाजपा कार्यालय में एक भव्य बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बैठक की अध्यक्षता अजीत सिंह बब्बन , भाजपा जिलाध्यक्ष ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने पार्टी के गौरवशाली इतिहास, संगठन की विचारधारा तथा कार्यकताओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी को संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण शास्त्री, रामऔतार शुक्ला, राजीव रंजन मिश्रा, विद्याराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक सिंह तथा क्रय-विक्रय संघ के अध्यक्ष सुशील अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी की उपलब्धियों तथा संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बैठक का संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने कुशलतापूर्वक किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, सतेंद्र राजपूत, ओम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, सौरभ सिंह गौर, अजय शुक्ला, महेंद्र सोनी, आकाश सिंह, इसके अलावा मीडिया प्रभारी अतुल सिंह मौजूद रहे

## शपथ ग्रहण समारोह में तीन मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

### एसडीएम गरौठा ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। सोमवार को बजरंग धर्मशाला में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत गरौठा में शासन द्वारा मनोनीत पार्षद दयाशरण गुप्ता, कैलाश सोनी व प्रवीण खटीक को उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जवाहर लाल राजपूत उपस्थित रहे, जबकि संयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा ने किया। इस दौरान सभी मनोनीत पार्षदों का अतिथियों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि नगर पंचायत जनसेवा का एक सशक्त मंच है और पार्षदों को नगरवासियों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। वहीं विधायक जवाहर लाल राजपूत ने नव-नामित पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र के विकास कार्यों में उनका हर संभव सहयोग रहेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा ने बताया कि पहले नगर पंचायत में 10 पार्षद थे, अब तीन नए पार्षदों के शामिल होने से संख्या बढ़कर 13 हो गई है, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। सभी पार्षदों ने नगर विकास में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अमित चौरसिया, सुरेंद्र मोहन पाठक, डॉ. ओमप्रकाश दौदेरिया, रामकिशन खटीक, सतीशचंद्र अग्रवाल, मेहरबान सिंह बुंदेला, ललित पटेल, सत्यप्रकाश तिवारी, सुनील तिवारी, अनुराग उपाध्याय, सुमित पाठक, परमानंद अहिरवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद नारायण गुप्ता ने किया।

## सोनभद्र पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को यातायात नियमों व सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रांतर्गत बढ़ौली ओवरब्रिज के नीचे ऑटो चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी ऑटो चालकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि किसी भी स्थिति में अपने वाहनों में अश्लील गाने/साउण्ड सिस्टम का उपयोग न करें, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस (ऊछ) के वाहन का संचालन न करें तथा यातायात नियमों एवं रोड अनुशासन का कड़ाई से पालन करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी ऑटो में कोई संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए पाया जाए तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को यह भी हिदायत दी गई कि अपने वाहनों में लगे साउण्ड सिस्टम को स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही अवगत कराया गया कि यदि स्वेच्छा से साउण्ड सिस्टम नहीं हटाया गया, तो चेकिंग के दौरान पाए जाने पर संबंधित वाहन को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

## सांसद ने डीएम के साथ महरिया गौशाला का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल ने रविवार को कपिलवस्तु विधान सभा के महरिया गौशाला का जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के साथ महरिया गौशाला का औचक निरीक्षण किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने महरिया गौशाला में पहुंचकर गौवंश को गुड़ एवं चारा खिलाया तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर बरसात के पहले टीन शेड मरम्मत भूसा और चारा रखने की उचित व्यवस्था के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से वहां पर काम करने वालों के लिए भी उचित व्यवस्था करने को कहा। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में गौशाला पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गौ संरक्षण के लिए कार्य निरन्तर जारी हैं। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि गायों के लिए हरे चारों के लिए उचित व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रधान महारिया मण्डल अध्यक्ष नगर, अमित उपाध्याय मण्डल अध्यक्ष बर्डपुर, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष सबलू साहनी आदि उपस्थित रहे।

## खलियान में भीषण आग, 6 बीघा फसल जलकर राख- किसानों को भारी नुकसान, मुआवजे की मांग

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के अम्मटोला में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दोपहर करीब 1 बजे खलियान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की खड़ी फसलों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे उनकी कोशिशें नाकाम साबित हुईं। इस भीषण आगजनी में करीब 6 बीघा खेत में खड़ी गेहूं, चना और जौ की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। इससे खेत मालिक कृपा शंकर उपाध्याय और बटाईदार गोपाल केवट को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग अपना कहर बरपा चुकी थी और अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यह हादसा लापरवाही या किसी अज्ञात कारण से हुआ हो सकता है। मामले की जांच की मांग की जा रही है। इस घटना से प्रभावित किसानों की आजीविका पर गहरा असर पड़ा है। मेहनत से तैयार की गई फसल के नष्ट हो जाने से परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना स्थानीय लेखपाल को दे दी गई है। वहीं ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने और उचित जांच कराने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके अम्मटोला में हुई इस आगजनी की घटना ने एक बार फिर किसानों की असुरक्षा और प्राकृतिक/अकस्मात आपदाओं के प्रति उनकी निर्भरता को उजागर कर दिया है। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई और पीड़ितों को मिलने वाली सहायता पर टिकी हुई है।

## विंध्याचल पुलिस ने चोरी का खुलासा कर आरोपी को दबोचा, मोबाइल बरामद

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर। विंध्याचल थाना पुलिस ने गंगा घाट पर हुई मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को झारखंड के धनबाद निवासी राजेश कुमार सिन्हा ने विंध्याचल दर्शन के दौरान गंगा घाट पर उनकी पत्नी के पर्स से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल चोरी किए जाने की शिकायत थाना विंध्याचल में दर्ज कराई थी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा संख्या 85/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विंध्याचल को घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए गए। इसके क्रम में पुलिस टीम ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली। रविवार को उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी धाम मय पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी नन्हकू उर्फ शनि वर्मा निवासी कच्चा घाट, थाना विंध्याचल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) व 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है।

## झाड़-फूंक कर रहे तांत्रिक ने किशोरी की गर्दन पर रगड़ा गंडासा

**चोटी पकड़कर पीटा वीडियो वायरल**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के पचदेवरा थाना क्षेत्र के नई बस्ती गांव में झाड़-फूंक के नाम पर एक नाबालिग किशोरी के साथ चोटी पकड़कर मारपीट और गले पर गड़ासा रगड़ने का मामला सामने आया है। इस घटना का लाइव वीडियो सामने आने के बाद पुलिस जांच पड़ताल कर कार्यवाई में जुटी हुई है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि पचदेवरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी करीब 13 वर्षीय बेटी को बीती 1 अप्रैल को नई बस्ती गांव में तांत्रिक परमेश्वरदीन शर्मा के पास झाड़-फूंक के लिए ले गई थी। आरोप है कि पुजारी ने महिला को अलग कर दिया और किशोरी के साथ झाड़-फूंक के दौरान बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता की मां ने जो तहरीर पुलिस को दी है उसके मुताबिक जब बच्ची ने शोर मचाया और वह उसे बचाने पहुंची तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना में किशोरी को चोटें आई हैं। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में कथित तांत्रिक चोटी पकड़कर किशोरी के साथ मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है और उसके गले पर धारदार गंडासा रगड कर झाड़-फूंक करता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ गया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है, वायरल वीडियो को भी जांच में शामिल किया जाएगा। सीओ ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो चल रहा है जिसमे यह देखा जा रहा है की तथा कथित झाड़ फूंक करने वाला एक व्यक्ति एक बच्ची के साथ मारपीट कर रहा है

## पाठा की नदियों को जीवित करने के लिए एसडीएम ने निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। बरगढ़ क्षेत्र की लघु सरिताओं को किया जाएगा पुनजीर्वी यह पहल भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण शुक्ला व समाजसेवी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि साकेत बिहारी शुक्ला की है। जिससे मऊ उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने मौके का स्थलीय ?निरीक्षण किया किया। मऊ जिलाधिकारी ने बताया कि लघु सरिताओं के पुनर्जीवित करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के क्रम में मादा नदी जो कटैयाडांडी से निकलकर गाहुर रैपुरा होते हुए मोहना नदी में तुरगंवा ग्राम में मिलती है इस नदी की सफाई के लिए कार्य किये जाने हेतु निरीक्षण किया गया। जानकारी मिली है कि मोहना नदी के पुनर्जीवन के लिए सरकारी स्तर पर पूरी तैयारी हो चुकी है उप जिलाधिकारी मऊ को सूख चुकी लघु सरिता के पुनर्जीवन हेतु भवरियन घाट गाहुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। बरगढ़ पाठा क्षेत्र के विकास के नायक श्याम नारायण शुक्ला व साकेत बिहारी शुक्ला की पहल को लोग सराह रहे हैं। साकेत बिहारी शुक्ला ने मऊ उप जिला अधिकारी को जानकारी दिया यदि बाणसागर परियोजना जो रिमारी के पास आ रही है


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# ममूटी और मोहनलाल 17 साल बाद एक साथ

मुंबई। फिल्म 'पैट्रियट' में 17 साल बाद ममूटी और मोहनलाल एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह जासूसी थ्रिलर 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी एक विवादास्पद खुफिया मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। ममूटी डेनियल जेम्स की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मोहनलाल उनके पुराने दोस्त और सैनिक का किरदार निभा रहे हैं। ये दोनों एक गुप्त अभियान शुरू करते हैं ताकि साजिश का पर्दाफाश कर सकें और देश की रक्षा कर सकें। पैट्रियट का निर्माण एंटो जोसेफ और केजी अनिल कुमार ने एंटो जोसेफ प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है और इसे किचाप्पस एंटरटेनमेंट्स ने प्रस्तुत किया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी डीपफेक्स का हुई शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही मे उन्होंने डीपफेक्स को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने अपने साथ स्कूल में हुई एक डिस्टर्बिंग घटना के बारे में भी बताया।

जाह्नवी ने कहा, मुझे नहीं पता इसे टेक्निकली डीपफेक कहेंगे, लेकिन ये कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी फोटोज अश्लील साइट पर देखी थी। हमारी आईटी क्लास थी स्कूल में। लड़के उन साइट्स पर जाते थे फन के लिए और मेरी फोटोज वहां थीं। मैं उस वक्त 15 साल की थीं। ये बहुत खराब एक्सपीरियंस था। आगे जाह्नवी ने कहा, एक प्वॉइंट पर, मुझे लगा क्यो? क्या ये वो कीमत है, जो आपको चुकानी पड़ती है? जैसे कि इन चीजों में कोई नैतिकता ही न हो। सोशल मीडिया पर सब अपनी बातें रख रहे हैं। अब नैतिकता के मामले में बिहेवियर थोड़ा-बहुत सुधरा है लेकिन बड़े पैमाने पर ये अभी भी समस्या है। बहुत से लोगों को ये नॉर्मल लगता है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए ऐसा होगा ही। जाह्नवी ने एआई जेनरेटेड फोटोज को लेकर भी कहा, इससे मैं शांति में नहीं हूं। मेरे कई ऐसे विजुअल्स हैं, यहां तक कि ऑफिशियल न्यूज पेजेस पर भी सर्कुलेट हुए हैं, जो पूरी तरह से एआई से बने हैं। मैंने कभी वो चीजें नहीं पहनी, मैंने कभी वैसे फोटोज नहीं क्लिक करवाए। लेकिन वो ऐसे सर्कुलेट हुए जैसे वो रियल हैं। जाह्नवी ने फिल्म धड़क से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।



हॉलीवुड मसाला



# इतिहास के पन्नों को पलटा

लॉस एंजिल्स। पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट ने एक बार फिर अपने संगीत के जरिए इतिहास के पन्नों को पलटा है। अपने हालिया एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के तीसरे सिंगल 'एलिजाबेथ टेलर' के लिए स्विफ्ट ने एक भावुक म्यूजिक वीडियो जारी किया है, जो हॉलीवुड की अभिनेत्री एलिजाबेथ टेलर को भव्य श्रद्धांजलि है। गायिका ने अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया, जब उन्होंने इस वीडियो को विशेष रूप से स्पॉटिफाई और एप्पल म्यूजिक के सब्सक्राइबर्स के लिए जारी किया।



# 'मैड अबाउट यू' छोड़ने पर दुविधा में थीं लिसा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो को आज भी लोग फीबी बुफे के रोल में याद करते हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस शो ने उन्हें दुनियाभर में पहचान दिलाई, उसी को लेकर शुरुआत में वह पूरी तरह आश्वस्त नहीं थीं। दरअसल, जब उन्हें 'फ्रेंड्स' में कास्ट किया गया, तब वह पहले से ही एक दूसरे शो 'मैड अबाउट यू' में काम कर रही थीं और उसे छोड़ने को लेकर असमंजस में थीं। लिसा कुड्रो ने कहा, मैं 'मैड अबाउट यू' में अपने रोल को लेकर काफी गर्व महसूस करती हूं। इस शो में मेरा किरदार एक वेट्रेस का था। बेशक वह छोटा रोल था, लेकिन मेरे करियर के लिए काफी अहम था। ऐसे में जब मुझे 'फ्रेंड्स' का ऑफर मिला, तो मैं असमंजस में थी। मुझे यह डर था कि नया शो सफल होगा या नहीं, क्योंकि टीवी इंडस्ट्री में कई बार अच्छे शो भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाते।




# मृणाल की 'डकैत' 10 को होगी रिलीज

मुंबई। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की अपकमिंग फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म की कहानी एक धोखा खाए आशिक की कहानी है, जो अपनी प्रेमिका से बदला लेता है। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष, जो शादी और बच्चे का सपना एक साथ देख रहे हैं, लेकिन एक पल में दोनों की जिंदगी बदल जाती है। हरि (अदिवि शेष) जेल के अंदर होता है और मृणाल ठाकुर उसके खिलाफ कोर्ट में गवाही दे रही है। हरि बेगुनाह होने के बाद भी जेल में जिंदगी काटता है और मृणाल से बदला लेने का प्लान करता है। कहानी में बड़ा ट्विस्ट भी दिखाया गया है। कहानी में मृणाल ठाकुर एक बच्ची की मां बन चुकी है और हरि को इस बारे में नहीं पता।




# 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर आउट...

मुंबई। विजय सेतुपति ने फिल्म 'डोंट स्लीप' का पहला पोस्टर लुक जारी किया है। फिल्म 'डोंट स्लीप' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर शमदत ने पहली बार किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका इंद्राम निभा रहे हैं। फिल्म की स्टारकास्ट में रविंद्र विजय, ताबा रीमा, ज्योती बनर्जी, सुनील थापा और आदुकलम नरेंद्र जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में बर्फ से ढके पहाड़ों पर एक डरावना सीन दिखाया गया है। इंद्र राम की आंखें बंद हैं और उनके माथे पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि रवींद्र विजय हाथ में बंदूक लेकर उनका पीछा कर रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म की कहानी को दर्शाता है। शमदत ने 'उप्पेना', 'विरुपाक्षा' और 'थंडेल' जैसी फिल्मों में शानदार कैमरा वर्क किया है।

टीवी मसाला

# मानसिक रूप से परेशान दीपिका, बयां किया दर्द

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों कैंसर के बाद हुए सिस्ट के दर्द से जूझ रही हैं। उन्होंने हाल में ही अपने ब्लॉग में अपने दर्द को बयां किया है। उन्होंने ये भी बताया कि ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल है।



पिछले कुछ महीनों से लीवर कैंसर स्टेज 2 जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहीं दीपिका ने हाल ही में अपने यूट्यूब ब्लॉग के जरिए प्रशंसकों के साथ एक भावुक अपडेट साझा किया है। जून 2025 में ट्यूमर रिमूवल सर्जरी और उसके बाद चले लंबे इलाज के बाद, अब एक नई स्वास्थ्य संबंधी रुकावट ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। दीपिका ने अपने नए वीडियो में खुलासा किया कि कैंसर के इलाज के कुछ महीनों बाद उन्हें री-अकरेंस का सामना करना पड़ा है। उनके शरीर में 1.3 सेंटीमीटर का एक छोटा सिस्ट दोबारा पाया गया है, जिसने उन्हें अंदर से झकझोर दिया है। सर्जरी के बाद दीपिका ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि इस खबर ने उन्हें डरा दिया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इस दोबारा हुई समस्या और सिस्ट की खबर ने मुझे हिला दिया है। मैं थोड़ी घबरा गई हूं कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और आगे मेरे लिए क्या चुनौतियां आने वाली हैं।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह इसी सोच में डूबी थीं, जिसके कारण वह अपना ब्लॉग भी पूरा नहीं कर पा रही थीं। बीमारी ने दीपिका की जीवनशैली और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है।

# मायसा का फर्स्ट लुक रिलीज

*रश्मिका मंदाना स्टारर 'मायसा' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। फैंस को इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अपनी वर्सटैलिटी और शानदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाने वाली रश्मिका ने अपनी परफॉरमेंस से हमेशा दर्शकों को सरप्राइज किया है, 'मायसा' में उनका लुक देख कर फैंस फिल्म के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म उन्हें एक निडर और दमदार रोल मे दिखाएगी, जो उनकी ऑन-स्क्रीन इमेज को पूरी तरह बदल सकता है।*



मुंबई। मेकर्स ने एक कमाल का नया पोस्टर रिलीज किया है जिसमें टैलेंटेड स्टार पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आ रही हैं। यह मोनोक्रोम पोस्टर उनके इंटेंस लुक को कैप्चर करता है, जहां उनके चेहरे पर धूल और खून लगा है। जो उनकी रॉ पावर और इमोशन्स को साफ दिखाता है। यह दिलचस्प पोस्टर एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करता है जो बोल्ड और रफ है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को तुरंत बढ़ा दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उसने अपनी चमक से राज किया। अपनी ग्रेस से दिल जीते। अब वो आ रही है अपनी बेमिसाल रफ़्तार और गुस्से के साथ। तैयार हो जाइए उनकी अब तक की सबसे धमाकेदार परफॉरमेंस के लिए. 2026 में सिनेमाघरों में।

# अक्षय ने की ट्विंकल संग पुरानी यादें साझा

मुंबई। फिल्मी दुनिया में जहा रिश्ते अक्सर चर्चा और सुर्खियों में बने रहते हैं, वहीं कुछ जोड़ियां ऐसी भी होती हैं जो अपने सादगी भरे और मजबूत रिश्ते से लोगों का दिल जीत लेती हैं। ऐसी ही एक जोड़ी है अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की, अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उनके रिश्ते की मस्ती और दोस्ती भी साफ दिखाई देती है। अक्षय कुमार के साझा किया गया यह



वीडियो उनकी मालदीव ट्रिप की पुरानी यादों से जुड़ा हुआ है। इस वीडियो में दोनों एक खूबसूरत जगह पर साथ चलते हुए नजर आते हैं, जहां चारों ओर साफ नीला पानी और शांत माहौल दिखाई दे रहा है। दोनों हाथ में हाथ डाले चलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय कुमार ने मजाकिया अंदाज में लिखा, मैं हर दिन अपनी पत्नी पर फिदा हो जाता हूं, लेकिन कभी-कभी कोहनी लड़ने के बाद।

# 50 किलो का लहंगा पहनकर रैंप पर छाईं

*बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने एक टाइम में अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना रखा था। वहीं एक्ट्रेस शादी और मां बनने के बाद एक्टिंग से दूर हो गईं। हालांकि, वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपने लुक्स से सबका ध्यान खींच लिया।*

मुंबई। फैशन वीक में बिपाशा ने दुल्हन के गेटअप में रैंप पर एंट्री ली और जैसे ही उनका लुक सामने आया, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का 50 किलो का लहंगा पहना था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने गोल्डन एक्सेसरीज पहनी थी और उनका मेकअप भी कमाल का था। इवेंट से उनके कई वीडियोज समाने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कोई उनके गॉर्जियस कह रहा है, तो कोई ब्यूटीफुल बता रहा हैं।

बिपाशा बसु ने काम को लेकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब फिर से काम शुरू करने का समय है और मैं बहुत खुश हूं। आप जानते हैं, यह मेरा पुराना प्यार है। मैंने सबसे पहले मॉडलिंग की थी, फिर एक्टिंग की. लोगों का प्यार मुझे हमेशा मिलता रहा है और आज भी मुझे वही प्यार मिला, जिससे मैं बहुत खुश हूं।



# 'धुरंधर 2' में छाया 41 साल पुराना गाना, दर्शकों में मचा रहा धूम

मुंबई। 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार कमाई कर रही है। इसकी सफलता के पीछे दमदार एक्शन, कहानी, निर्देशन और कलाकारों के साथ-साथ इसका बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने भी हैं, जो हर तरफ छाए हुए हैं। फिल्म के दोनों भागों मे कई पुराने गानों को रीमेक किया गया है, लेकिन 'धुरंधरः द रिवेंज' में एक ऐसा गाना है, जो लोगों के लिए काफी सरप्राइजिंग था। जैसे ही थिएटर में ये गाना बजा, हर तरफ सीटियां और तालियां गूंजने लगीं।

**फिल्म में कई पुराने गाने शामिल**

धुरंधर 2 में म्यूजिक के तौर पर कई पुराने गाने शामिल किए गए हैं और जब ये गाने बजते हैं तो दर्शक भी इसकी वाइब से खुद को जोड़ पाते हैं। ये गाने नॉस्टैल्जिक टच भी देते हैं और पूरी फिल्म के दौरान ये वाइब बनी रहती है। लेकिन जैसे ही 41 साल पुराना राजेश खन्ना की फिल्म का गाना बजता है तो कान खड़े हो जाते हैं। ये गाना आपने टीवी, रेडियो पर जरूर सुना होगा, जिसके बोल हैं 'कभी बेखुदी ने मारा', जिसे 41 साल पहले किशोर दा ने आवाज दी थी।



***कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल*** : धुरंधरः द रिवेंज में किशोर कुमार के 'कभी बेखुदी ने मारा' के अलावा और भी कई कल्ट सॉन्ग इस्तेमाल किया गया है। धुरंधर 2 में तम्मा तम्मा लोगे, ओए ओए... तिरछी टोपी वाले, हम प्यार करने वाले जैसे गाने शामिल हैं। इससे पहले दिसंबर 2025 में रिलीज हुए पहले भाग 'धुरंधर' में भी कई पुराने गाने सुनने को मिले थे, जिन्हें दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में अरमान (1981) का 'रंभा हो' और 'दस मैं की प्यार विचों खटिया' जैसे गाने सुनने को मिले थे।

***सुरों के सरताज किशोर कुमार ने दी थी आवाज*** : हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना पर फिल्माया गया गाना 'कभी बेखुदी ने मारा' 1985 में रिलीज हुई फिल्म 'अलग-अलग' का है, जिसे सुरों के सरताज किशोर दा ने आवाज दी थी और संगीतकार की जिम्मेदारी आरडी बर्मन ने निभाई थी। धुरंधरः द रिवेंज में ये गाना तब सुनाई देता है जब हमजा (रणवीर सिंह) आलम (गौरव गेरा) को अपनी एक स्पाई बनने से पहले की दास्तान सुनाता है। जैसे ही थिएटर में ये धुन बजती है, देखते ही दर्शकों के सरप्राइजिंग रिएक्शन आने लगते हैं।